राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 87 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## सिद्धिदात्रीः मां का यह रूप सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाला है



मां दुर्गा की नवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। नवरात्रि पूजन के नवें और अंतिम दिन इनकी उपासना की जाती है। मां का यह रूप सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाला है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा,महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य ,ईशित्व और वशित्व ये आठ सिद्धियां हैं। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था,इसी कारण वह लोक में अर्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता,सर्वत्र विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है।

## शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है आतंकवादः डोभाल



टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि शांति और सुरक्षा क लिए सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डोभाल ने बुधवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इससे निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित काउंटर टेररिज्म प्रोटोकॉल के प्रति सभी देशों को सजग रहना होगा।

उन्होंने बैठक के दौरान यह भी कहा कि चार्टर सदस्य देशों को एक दूसरे देश की संप्रभुता, राज्यों की क्षेत्रीय अखंडता आदि का सम्मान करना चाहिए।

## जयपुर बम ब्लास्ट केस के चारों आरोपी बरी



**जयपुरः** जयपुर बम ब्लास्ट केस के चारों आरोपियों को बरी कर दिया गया है। हाइकोर्ट ने चारों के डेथ रेफरेंस खारिज कर दिए हैं। इससे पहले पहले चारों आरोपियों को ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा दी थी। हाइकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फांसी के सजा के फैसले को बदल दिया है। दरअसल, प्रदेश की राजधानी जयपुर में 13 मई 2008 को सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। माणक चौक खंडा, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम धमाकों से जयपुर दहल गया था। शाम को हुए इन बम धमाकों में 71 लोग मारे गए थे और 185 लोग घायल हो गए थे। रामचंद्र मंदिर के पास से एक जिंदा बम बरामद किया गया था, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया था। जयपुर की एक निचली अदालत ने इस मामले में चार दोषियों को फांसी की सजा दी थी।

# सरेंडर कर सकता है अमृतपाल !

## सरेंडर के लिए अमृतपाल की तीन शर्तें, कहा- मारपीट न हो, पंजाब की जेल में रखें, सरेंडर को गिरफ्तारी न बताएं

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस** पंजाब दे का चीफ खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह पंजाब में ही छुपा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वह अमृतसर में गोल्डन टेंपल स्थित श्री अकाल तख्त साहिब या बठिंडा के तलवंडी साहिब स्थित तख्त श्री दमदमा साहिब में आकर सरेंडर कर सकता है। इसका इनपुट मिलते ही पुलिस ने दोनों जगहों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। दोनों शहरों में नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अमृतपाल ने सरेंडर के लिए 3 शर्तें रखी हैं। पहली- पुलिस कस्टडी में उसके साथ मारपीट न की जाए। दूसरी- उसे सिर्फ पंजाब की जेल में ही रखा जाए। तीसरी- उसके सरेंडर को गिरफ्तारी न बताया जाए। सूत्रों की मानें तो कुछ धार्मिक नेता उसके सरेंडर को लेकर मध्यस्थता कर रहे हैं। इससे पहले मंगलवार रात पुलिस को एक संदिग्ध इनोवा की जानकारी मिली थी।

### अमृतपाल का नया वीडियो आया सामने

**अमृतपाल** ने वीडियो में कहा कि सरकार की मंशा गिरफ्तारी की होती तो घर से कर सकती थी। सरकार ने लाखों की फोर्स निकालकर घेरा डाला। हमें लगा कि सरकार मालवा में नहीं जाने देना चाहती ताकि खालसा वहीर न निकाल सकें। इसके बाद इंटरनेट बंद हो गया तो हमें पता नहीं चला कि क्या हुआ?। मुझे अब पता चला कि सरकार ने जुल्म की हद पार कर दी। सिख युवकों को जेलों में डाला। यह बिल्कुल वैसे है, जैसे एक समय बेअंत सरकार ने सिखों के साथ किया था। यह सिर्फ मेरी गिरफ्तारी का मसला नहीं है। यह मसला सिख कौम पर हमले का है। मुझे गिरफ्तारी देने से डर नहीं लगता।

यह फगवाड़ा से होशियारपुर जा रही थी। इसमें अमृतपाल और पपलप्रीत के सवार होने का पता चला। जिसके बाद पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने 37 किमी तक उसका पीछा किया। पुलिस के ऑपरेशन के बाद युवक गुरुद्वारे के पास इनोवा छोड़ फरार हो गए। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद जालंधर, होशियारपुर और कपूरथला के 700 पुलिस कर्मचारियों ने रातभर होशियारपुर और फगवाड़ा में सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि जांच में इनोवा का नंबर फर्जी निकला।



पुलिस जांच में पता चला है कि अमृतपाल उत्तराखंड नंबर की महिंद्रा स्कॉर्पियो कार से फगवाड़ा तक पहुंचा था। यहां से वह इनोवा में फरार हुआ।

**इंटरव्यू देकर सरेंडर करना चाहता था अमृतपालः** सूत्रों के मुताबिक वह जालंधर में किसी विदेशी चैनल को इंटरव्यू देने आ रहा था, जिसमें अपनी पूरी बात रखने के बाद वह सरेंडर कर सकता था। इससे पहले ही पुलिस को उसकी भनक लग गई।

## अमृतपाल को नहीं किया गिरफ्तार : पंजाब पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**अमृतपाल** प्रकरण में पंजाब पुलिस ने हाई कोर्ट में हलफनामा देकर कहा है कि पुलिस ने अमृतपाल को अभी तक न तो गिरफ्तार किया है और न ही उसे डिटेन किया गया है। हाई कोर्ट में अमृतपाल के वकीलों द्वारा दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस के आईजी तथा अमृतपाल के वकीलों को हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए थे। अमृतपाल के वकील पंजाब पुलिस पर लगातार उसे अवैध रूप से हिरासत में रखने का आरोप लगा रहे हैं। बुधवार को केस की सुनवाई के दौरान पंजाब पुलिस



के आईजी ने एक हलफनामा दाखिल करके कहा कि पुलिस ने अभी तक अमृतपाल को न तो गिरफ्तार किया है और न ही उसे डिटेन किया गया है। दूसरी तरफ अदालत ने जब अमृतपाल के वकीलों से हलफनामा मांगा तो उन्होंने हलफनामा दाखिल करने को लेकर कुछ समय की मांग की।

## सहारा के 1.1 करोड़ निवेशकों को मिलेगा उनका पैसा

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह के एक करोड़ निवेशकों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को आदेश दिया कि वो सहारा की ओर से जमा किये गये 24 हजार करोड़ रुपये में से 5 हजार करोड़ रुपये वापस करे। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सेबी के पास जमा 24 हजार करोड़ रुपये में से 5 हजार करोड़ रुपये वापस करने की मांग की थी। पांच करोड़ की यह धनराशि 1.1 करोड़ निवेशकों को दी जाएगी। निवेशकों से धोखाधड़ी के एक दूसरे मामले में 2012 में बने इस फंड में लगभग 24 हजार करोड़ रुपये जमा हैं।

## राहुल सदस्यता जाने के बाद पहली बार संसद पहुंचे

**टीम एक्शन इंडियानई दिल्लीः** राहुल गांधी अपनी संसद सदस्यता भंग किए जाने के बाद बुधवार को पहली बार संसद पहुंचे। वे यहां कांग्रेस सांसदों की बैठक में शामिल होने आए थे। यहां आधा घंटा रुकने के बाद वे मां सोनिया गांधी के साथ गाड़ी में बैठकर निकल गए। राहुल की संसद सदस्यता 24 मार्च को रद्द कर दी गई थी। वे केरल के वायनाड



से लोकसभा सांसद थे। इस बीच, बुधवार को संसद के 12वें दिन की कार्यवाही 3 अप्रैल तक के लिए

### बैठक में शिरकत की

= कांग्रेस सांसदों की बैठक में शामिल होने आए थे। आधा घंटा रुकने के बाद वे मां सोनिया के साथ गाड़ी में बैठकर निकल गए

स्थगित कर दी गई। लोकसभा में कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर के सामने 'सेव डेमोक्रेसी' के पोस्टर दिखाए और काले कपड़े लहराए। कांग्रेस नेता काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे। हालांकि कांग्रेस की बैठक में शामिल होने पहुंचे राहुल सफेद टीशर्ट में आए थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी खुद भ्रष्ट हैं। वे उन लोगों को कुछ नहीं कह रहे हैं, जिन्होंने इस देश को लूटा। ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## देश में कोरोना के 2,151 नए मरीज, चार की मौत

**नई दिल्लीः** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 2,151 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान चार संक्रमित लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में 1,222 मरीज स्वस्थ हुए हैं। अब तक कोरोना वायरस से 4,41,66,925 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। रिकवरी रेट 98.78 प्रतिशत है। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 11,903 हो गई है।












# आबकारी विभाग के बेडे में जुड़ी नई गाड़ियां

## डिप्टी सीएम ने 31 नई गाड़ियों को रवाना किया, जबकि शेष 35 गाड़ियों को भी जल्द ही अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा

**8 जीएसटी संग्रहण आदि के कार्यों में डिजिटलाइजेशन को अपनाकर राजस्व में वृद्धि की जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आबकारी एवं कराधान विभाग के आधारभूत ढांचे को मजबूत एवं आधुनिक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग में पारदर्शिता के लिए जहां जीएसटी संग्रहण आदि के कार्यों में डिजिटलाइजेशन को अपनाकर राजस्व में वृद्धि की जा रही है, वहीं चैकिंग के कार्यों में तत्परता लाने के लिए नए वाहन खरीदे जा रहे हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बुधवार को पंचकुला में आबकारी एवं कराधान विभाग के लिए नई खरीदी गई अर्टिगा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर 31 नई गाड़ियों को रवाना किया, जबकि शेष 35 गाड़ियों को भी जल्द ही अधिकारीयों को सौंप दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि देश में जीएसटी लागू होने के बाद आबकारी अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ी है जिसके कारण उनका मोबिलिटी तथा इन्फोर्स्मेंट का काम बढ़ा है। अब नई गाड़ियां मिलने से उनको चैकिंग आदि के कार्यों में आसानी होगी तथा विभाग का काम सरल होगा।

## गठबंधन को लेकर सीएम और मुझे कोई संशय नहीं: डिप्टी सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी गठबंधन को लेकर न तो मुझे संशय है और न ही सीएम मनोहर लाल को संशय है। उन्होंने कहा कि जहां बात किसी और के संशय की है तो वही बेहतर जवाब दे पाएंगे। वे बुधवार को पंचकूला में आबकारी एवं कराधान विभाग के लिए नई खरीदी गई अर्टिगा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने के बाद बातचीत कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गठबंधन की सरकार को साढ़े तीन साल होने वाले है। साढ़े तीन साल पहले लोग कहने लगे थे कि गठबंधन टूटेगा, गठबंधन टूटेगा लेकिन मुझे और सीएम को पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए गठबंधन इसी मजबूती के साथ चलेगा और चलाएंगे। आगामी चुनावों के सवाल पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले लोकसभा, तीन नगरनिगमों, 10 ज्यादा नगरपालिकाओं और परिषदों के चुनाव होने है। उन्होंने कहा कि अभी मजबूती से पहले इन चुनावों को लड़ा जाएगा।

# बाढ़सा एम्स के मंजूरशुदा संस्थान बनकर तैयार नहीं हो जाते चुप नहीं बैठेंगे: दीपेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**सांसद दीपेंद्र हुड्डा** ने संसद में जब एम्स फेज 2 के तहत राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अलावा स्थापित होने वाले 10 अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के कार्य की स्थिति का ब्योरा माँगा और पूछा कि इस परियोजना के पूरा होने की समय सीमा क्या है, तो 28 मार्च को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने अपने उत्तर में बताया कि आज की तारीख में झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के अलावा कोई और परियोजना नहीं है। इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि एक तरफ केंद्र की बीजेपी सरकार हरियाणा के साथ भेदभाव की राजनीति कर रही है वहीं, दूसरी ओर प्रदेश में इतनी कमजोर सरकार है कि वो केंद्र से कोई नया प्रोजेक्ट लाना तो दूर, हरियाणा के मंजूरशुदा प्रोजेक्ट बचाने के लिये आवाज भी नहीं उठा पा रही है। इससे पहले रेल कोच फैक्ट्री, इंटरनेशनल एयरपोर्ट हरियाणा से दूसरे राज्यों में चले गये लेकिन प्रदेश की कमजोर सरकार हरियाणा के हितों की रक्षा के लिये कोई विरोध नहीं कर पाई। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि यूपीए शासनकाल में मंजूरशुदा परियोजनाएं एक-एक करके हरियाणा से जा रही हैं लेकिन हरियाणा की कमजोर सरकार कोई आवाज नहीं उठा रही, बस गूंगे की तरह देख रही है।

उन्होंने कहा कि क्या केंद्र हरियाणा को इस बात की सजा दे रहा है कि उसने 10 की 10 लोकसभा सीट भाजपा को जिताकर दी। क्या हरियाणा का यही कसूर है?

# ब्रह्म शक्ति संजीवनी हॉस्पिटल में बीपीएल कार्ड धारकों के लिए फ्री ओपीडी 30 अप्रैल तक

**8 मुफ्त परामर्श भी दिया जाएगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा बीपीएल कार्ड धारक इस सुविधा का लाभ उठाएं**

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** शहर के दिल्ली रोड स्थित ब्रह्म शक्ति संजीवनी हॉस्पिटल में बीपीएल कार्ड धारकों के लिए फ्री ओपीडी की सुविधा शुरू की गई है। कोई भी बीपीएल कार्ड धारक 30 अप्रैल तक हॉस्पिटल में फ्री ओपीडी का लाभ उठा सकता है। यह जानकारी देते हुए ब्रह्म शक्ति संजीवनी हॉस्पिटल के मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल की ओर से बीपीएल धारकों के लिए एक अच्छी पहल शुरू की गई है। इसका कोई भी बीपीएल कार्ड धारक जो गरीबी रेखा से नीचे आता हो इसका लाभ उठा सकता है। इसके लिए बीपीएल कार्ड धारक अपने साथ कार्ड जरूर लेकर आए। उन्होंने बताया कि ओपीडी में जांच के साथ-साथ मुफ्त परामर्श भी दिया जाएगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा बीपीएल कार्ड धारक इस सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि बीपीएल कार्ड धारक के लिए एक्स-रे मात्र ?100 में किया जाएगा। मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल की ओर से समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इन शिविरों का लाभ उठा सकें, हॉस्पिटल का हमेशा ही यह प्रयास रहा है कि इन शिविरों के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध हो, ताकि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे। इसी को देखते हुए अब हॉस्पिटल की ओर से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बीपीएल कार्ड धारकों के लिए 30 अप्रैल तक फ्री ओपीडी की सुविधा शुरू की गई है। विक्की शर्मा ने बताया कि इस फ्री ओपीडी का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ उठाएं।

## आयुक्त वर्मा ने किया सोनीपत तहसील का औचक निरीक्षण

**सोनीपतः** रोहतक मंडल के आयुक्त संजीव कुमार वर्मा ने बुधवार को दोपहर बाद सोनीपत तहसील का औचक निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न शाखाओं की भी जांच करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लघु सचिवालय परिसर में खड़े आम जनमानस की शिकायतों की सुनवाई भी खुद आगे बढकर करते हुए मौके पर ही समाधान करवाया। मंडलायुक्त संजीव कुमार वर्मा ने लघु सचिवालय पहुंचते ही विभिन्न कार्यालय शाखाओं की जांच करवाई। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी काम लंबित नहीं रहना चाहिए। समयबद्धता के साथ कार्यों का निपटान करें। उन्होंने राजस्व संबंधी शाखाओं की भी पड़ताल की। विस्तार से जांच-पड़ताल के उपरांत उन्होंने तहसील का दौरा किया।

# चौधरी बीरेंद्र सिंह हताश-निराश: दिग्विजय चौटाला




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने भाजपा नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि चुनाव राजनीतिक अखाड़ा होता है और उन्हें बयानबाजी के बजाय चुनाव में दो-दो हाथ करके देख लेना चाहिए ताकि किसी प्रकार का कोई संकोच न रहे। दिग्विजय ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जननायक चौधरी देवीलाल के अक्स हैं और आज बीरेंद्र सिंह चौ. देवीलाल के अक्स से पूर्णतः हार चुके है। उन्होंने कहा कि बीरेंद्र सिंह और उनका परिवार न ही चुनाव में और न ही जनहित के कार्यों में दुष्यंत चौटाला का मुकाबला कर सकते। पत्रकारों के सवालों के जवाब में दिग्विजय चौटाला ने यह प्रतिक्रिया दी। दिग्विजय चौटाला ने आगे कहा कि इतने वरिष्ठ नेता होने के बावजूद वे इतनी कमजोर बात करके ये दर्शा रहे है कि दुष्यंत चौटाला जैसे नौजवान के सामने वे हताश हैं, निराश हैं, मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला के सामने बीरेंद्र सिंह कॉम्पिटेटिव तौर पर मुकाबला नहीं कर पा रहे है इसलिए अपनी पार्टी की लीडरशिप को सलाह दे रहे है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि गठबंधन को लेकर बीरेंद्र व उनके परिवार के बयानों से जाहिर होता है कि उनके लिए पार्टी से ऊपर उनका निजी राजनीतिक स्वार्थ है। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस बार हरियाणा में युवा सरकार बनाई जाए। इसके लिए साल 2024 में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को विधायक बनाकर चंडीगढ़ विधानसभा पहुंचाया जाएगा। दिग्विजय ने कहा कि चुनावी गियर लग चुका है और आने वाले एक साल में जनहित के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाया जाएगा। वहीं हिसार स्थित जाट धर्मशाला में इनसो द्वारा आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम को भी जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने संबोधित किया और विद्यार्थियों के लिए छात्र संघ चुनाव की बहाली को अहम बताया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद अब सरकार को छात्र लोकतंत्र की बहाली करनी चाहिए क्योंकि आने वाले समय में देश व प्रदेश को अच्छा नेतृत्व देने के लिए छात्र संघ चुनाव बेहद जरूरी हैं। दिग्विजय ने कहा कि छात्र संघ चुनाव ही साधारण परिवार के छात्रों के लिए मुख्यधारा की राजनीति में अपनी जगह बनाने का एक जरिया है।

# पानीपत अनाज मंडी आढ़ती एसो. के फिर से प्रधान बने धर्मबीर मलिक

## प्रधान पद का चुनाव करने को लेकर बुधवार को अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 175 पर आढ़तियों की मीटिंग हुई

**8 धर्मबीर मलिक ने आढ़तियों से अपील करते हुए कहा कि वे पिछले 15 सालों से प्रधान पद पर रहते हुए सेवा कर रहे है**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव करने को लेकर बुधवार को अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 175 पर आढ़तियों की मीटिंग हुई।

जिसमें आढ़तियों ने फिर से धर्मबीर मलिक उग्राखेड़ी को ही आढ़ती एसोसिएशन का प्रधान चुन लिया गया है।

हालांकि धर्मबीर मलिक ने आढ़तियों से अपील करते हुए कहा कि वे पिछले 15 सालों से प्रधान पद पर रहते हुए सेवा कर रहे है और इस बार किसी अन्य आढ़ती को प्रधान बना दिया जाये। लेकिन अनाज मंडी के ज्यादातर आढ़ती धर्मबीर मलिक को ही फिर से प्रधान बनाने की मांग पर अड़ गये और धर्मबीर मलिक को अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन का प्रधान चुना गया है। मीटिंग में आढ़ती लाला तिलक राज ने धर्मबीर मलिक को आढती एसोसिएशन का प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा और आढ़ती रणबीर बिंझौल, प्रवीन, यश ग्रोवर, बलवान शर्मा, संदीप दहिया आदि ने उनके नाम का समर्थन किया और धर्मबीर मलिक को फिर से आढ़ती एसोसिएशन का प्रधान चुन लिया गया। धर्मबीर मलिक के फिर से मंडी प्रधान चुने जाने पर आढ़तियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान का कायार्काल पांच वर्ष रहेगा और आढ़ती एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन करने की जिम्मेवारी नवनियुक्त प्रधान धर्मबीर मलिक को दी गई है।

# नड्डा मानेसर से करेंगें गांव गांव चलो, घर घर चलो अभियान की शुरूआत: कांबोज

**8 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलेगा अभियान, हरियाणा के दो हजार गांवों से संपर्क करने का रखा गया है लक्ष्य**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भाजपा** राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा आगामी 6 अप्रैल को गुरुग्राम के मानेसर में भाजपा ओबीसी मोर्चा के गांव गांव चलो, घर घर चलो कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम मानेसर के सेक्टर 1 के कम्यूनिटी सेंटर में दोपहर बाद होगा। यह जानकारी पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री व भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने मानेसर में प्रेस को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों गुरुग्राम में संपन्न हुई भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक ओबीसी मोर्चा द्वारा गांव गांव चलो, घर घर चलो, अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। इसी अभियान का आरंभ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा करने जा रहे हैं।
कांबोज ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य राज्य सभा सांसद डा. के. लक्ष्मण, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं इस अभियान के राष्ट्रीय संयोजक गजेंद्र यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, संसदीय बोर्ड सदस्य सुधा यादव, सांसद नायब सैनी व अन्य नेता भी रहेंगे। कांबोज ने बताया कि हरियाणा में इस अभियान के तहत दो हजार गांवों से संपर्क करने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, हरियाणा प्रभारी एवं गांव गांव चलो, घर घर चलो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक गजेंद्र यादव ने बताया कि ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्त्ता देश के लगभग एक लाख गांवों में जाकर लगभग एक करोड़ परिवारों से मिलकर भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए किए गए कार्यों एवं योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करेंगें।

## जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** विद्युत मंत्री रणजीत सिंह की 31 मार्च को पंचायत भवन में होने वाली जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक किन्ही अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दी गई है। शहरी विकास प्राधिकरण रेवाड़ी/ कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सिवरेज नारनौल का एक, जिला नगरीय आयुक्त/ निगम के तीन तथा महाप्रबंधक एन आर एस एस 36 ट्रांसमिशन लिमिटेड मकान नंबर 864 सेक्टर 23 हुड्डा कॉलोनी भिवानी का एक मामला सुनवाई के लिए रखा रखा जाना था।

# कैथल के अध्यापक ने तैयार की बाल शैक्षिक ई-सामग्री



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को राज्य में 2025 तक क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग पूरी तरह तैयारी में जुटा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में नई शिक्षा नीति लागू करने का लक्ष्य 2025 किया, जबकि केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक लागू करने को कहा है। शिक्षा मंत्री ने बाल शैक्षिक ई-सामग्री तैयार करने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कैथल के आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग के हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला को बधाई भी दी। कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा के अध्यापकों के लिए गौरव की बात है कि डॉ. चावला व उनकी टीम ने लगातार तीसरी बार अखिल भारतीय बाल शैक्षिक ई-सामग्री प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त कर हरियाणा का नाम रोशन किया है।प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु अखिल भारतीय स्तर पर अखिल भारतीय बाल शैक्षिक ई-सामग्री प्रतियोगिता आयोजित की जाती है और 27 मार्च को इस प्रतियोगिता का समापन समारोह केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया गया था। अखिल भारतीय बाल शैक्षिक ई-सामग्री प्रतियोगिता में पूरे भारत से 657 प्रविष्टियां आई थीं, जिनमें से कुल 77 प्रविष्टियां ही अवार्ड के लिए चयनित हो पाईं। शिक्षा विभाग हरियाणा से राष्ट्रीय नवाचारी अवार्डी शिक्षक डॉ. विजय चावला ने आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से चार प्रविष्टियां भेजी थी। इन चार में से उनकी तीन प्रविष्टियों को अखिल भारतीय स्तर के अवार्ड के लिए चुना गया। इस प्रतियोगिता में डॉ. चावला द्वारा तैयार निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता के सीखने के प्रतिफलों को इंटरैक्टिव तथा इन्फोग्राफिक तकनीक से विकसित करना कार्यक्रम को अवार्ड मिला है।

# सरकार किसानों को पारदर्शी तरीके से मुआवजा देगी: जेपी दलाल

## इस दौरान उनके साथ पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा भी मौजूद थे



**8 ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न गांवों के खेतों का दौरा किया**

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव**
**महेंद्रगढ़** । हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने वीरवार को गत सप्ताह हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न गांवों के खेतों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा भी मौजूद थे। इस मौके पर किसानों के साथ बातचीत करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पारदर्शी तरीके से समय पर मुआवजा देगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को विशेष गिरदावरी कराने के निर्देश पहले ही दे दिए थे। उन्होंने कहा कि यह किसान हितैषी सरकार है। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरकार किसानों के साथ है। जिन किसानों ने अपनी फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करवाया है उनका नुकसान बीमा कंपनी की ओर से दिलवाया जाएगा तथा शेष बचे किसानों को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर सूचना देने के लिए कहा गया है उन्हें सरकार अपनी तरफ से मुआवजा देगी। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की मांग पर हरियाणा सरकार ने नुकसान वाले गांवों के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल फिर से खोल दिया है। जिला महेंद्रगढ़ में 177 गांवों के लिए यह पोर्टल खोला गया है। अब किसान फसल नुकसान की जानकारी ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दे सकते हैं। श्री दलाल ने बताया कि राज्य के लगभग 100966 किसानों ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर लगभग 569763 एकड़ क्षेत्र में फसल नुकसान की जानकारी दी है।

# सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग डिजिटलाइजेशन की ओर अग्रसर

## मुख्यमंत्री के डिजिटल व सुशासन विजन को कर रहा है साकार, डिजिटलाइजेशन में विभाग को मिले राष्ट्रीय व सुशासन पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** का सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग सही मायनों में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के डिजिटल व सुशासन विजन को साकार कर रहा है। विभाग निरंतर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ अब डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी क्षणभर में सूचनाएं आम जनता तक सफलतापूर्वक पहुंचा रहा है जिसके फलस्वरूप 25 दिसंबर, 2022 को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में डिजिटल मीडिया सेक्शन को सुशासन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी दिन मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों को 22 सुशासन पुरस्कार प्रदान किए थे। उल्लेखनीय है कि विभाग का प्रेस अनुभाग तथा डिजिटल मीडिया सेक्शन सरकारी योजनाओं के प्रचार- प्रसार और फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। डिजिटल मीडिया सेक्शन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रेरक नेतृत्व तथा सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के प्रधान सचिव अनुराग अग्रवाल और महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के सक्षम और निरंतर मार्गदर्शन में काम कर रहा है। फैक्ट चेक अकाउंट्स के लिए डिजिटल मीडिया सेक्शन को सुशासन पुरस्कार से नवाजा गया। इसी कड़ी में विभाग ने एक और ऊंची छलांग लगाते हुए 25 मार्च, 2023 को कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में विज्ञापनों से संबंधित रिलीज आर्डर एवं बिलिंग सिस्टम प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्राप्त करने में सफलता हासिल की। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग से ऑनलाइन की यह प्रक्रिया आरंभ करने वाला हरियाणा का सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग शायद देश का ऐसा पहला विभाग है जिसने प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सरकारी योजनाओं के विज्ञापन जारी करने के लिए ऑनलाइन रिलीजिंग आर्डर व बिलिंग सिस्टम आरंभ किया है जिससे न केवल विज्ञापन दरों में समानता के साथ-साथ पारदर्शिता भी आई है। विभागों के फंड की भी बचत हुई है और साथ ही विज्ञापन प्राप्त करने के लिए मीडिया की मार्केटिंग शाखाओं के कर्मचारियों को भी सहजता मिली है। इस प्रणाली से त्वरित भुगतान भी सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री ने विभाग के इन प्रयासों की न केवल सराहना की है बल्कि दूसरे विभागों को भी डिजिटलाइजेशन को अपनाने के निर्देश दिए हैं ताकि नागरिकों को सरकार की योजनाओं की सही जानकारी उपलब्ध हो सके।

विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल के दिशा निर्देश अनुसार विभाग के सभी अनुभाग अपनी-अपनी शाखाओं में डिजिटलाइजेशन को अपनाकर न केवल कार्य में पारदर्शिता ला रहे हैं बल्कि उसे त्वरित भी किया है। आगामी समय में प्रेस संबंधी कार्यों को और अधिक सशक्त व उनकी त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए सॉफ्टवेयर डेवलप कर रहा है ताकि अधिक से अधिक मीडिया कर्मियों तक विभाग की सूचनाएं जल्दी पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

# अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्रियों पर लगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय सरकारों अर्थात नगर निकायों को पूर्ण स्वायत्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि स्थानीय स्तर पर होने वाले कार्य समयबद्ध तरीके से और त्वरित ढंग से हो सकें। विकास कार्यों के लिए निकायों को को पैसा दिया जाएगा। वर्ष 2022-23 के राज्य के अपने कर राजस्व (एसओटीआर) लगभग 65 हजार करोड़ रुपये में से लगभग 3600 करोड़ रुपये नगर निकायों को दिये जाएंगे। इसके अलावा पिछला बकाया 500 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। इस प्रकार 4100 करोड़ रुपये नगर निकायों को मिलेंगे, जिससे वे अपने स्तर पर विकास कार्य करवा पाएंगे। इसके अलावा, सभी निकायों में कुल मिलाकर 5 हजार करोड़ रुपये की राशि पहले से ही उपलब्ध है। मुख्यमंत्री यहां नगर निगमों के महापौरों और जिला आयुक्तों के साथ शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता



कर रहे थे। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने नरवाना के एक्सईएन एलसी चौहान को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में घोषणा करते हुए कहा कि नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के कार्यालय भवन बनाने का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। भवन के लिए यदि कहीं जमीन खरीदने की या किसी विभाग से हस्तांतरित करने की भी आवश्यकता है तो उसका खर्च भी राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि कोई निकाय अपनी जमीन पर कोई भवन बनाकर वाणिज्यिक गतिविधियां करना चाहती है, तो कर सकती है। इससे निकायों को अतिरिक्त आय होगी और यह पैसा जनता के हित में काम आएगा। इसके लिए इस प्रकार के प्रोजेक्ट ऋण लेकर या पीपीपी मोड पर संचालित करें।

## राशनलाइजेशन आयोग को लेकर अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा सरकार** ने सेवानिवृत वरिष्ठ आईएएस राजन गुप्त की अध्यक्षता में गठित राशनलाइजेशन आयोग की संरचना और कार्यक्षेत्र के बारे में अधिसूचना जारी की है। मुख्य सचिव संजीव कौशल की ओर से यह अधिसूचना जारी की गई है। सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि जारी अधिसूचना के अनुसार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति छह महीने की अवधि के लिए की जाएगी। हालांकि, उनका कार्यकाल राज्य सरकार के विवेक पर तीन महीने के लिए और अधिक अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। आयोग के अध्यक्ष का पद हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के समकक्ष होगा। उन्होंने बताया कि आयोग का मुख्यालय चंडीगढ़/पंचकूला में होगा। आयोग एक स्वायत्त और स्व-नियामक निकाय के रूप में कार्य करेगा। संबंधित विभाग, जिसके संबंध में आयोग राशनलाइजेशन की प्रक्रिया शुरू करेगा, के प्रशासनिक सचिव को उस विभाग के राशनलाइजेशन के प्रयोजन के लिए आयोग के सदस्य के रूप में सहयोजित माना जाएगा। वह संबंधित विभाग के राशनलाइजेशन के उद्देश्य से आयोग के विचार-विमर्श में पूरी तरह से भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राशनलाइजेशन आयोग के सुचारू कामकाज के लिए अध्यक्ष के परामर्श से राज्य सरकार राशनलाइजेशन आयोग के लिए अपेक्षित पदों को मंजूर करेगी। पदों को आयोग द्वारा विभिन्न तरीके से भरा जा सकता है। हरियाणा राज्य के किसी भी विभाग, बोर्ड या निगम से प्रतिनियुक्ति पर और हरियाणा राज्य के किसी भी विभाग, बोर्ड या निगम से सेवानिवृत्त व्यक्ति को पुनर्नियुक्ति द्वारा भरा जा सकता है। आयोग अपनी अंतिम रिपोर्ट छह महीने की अवधि के भीतर प्रस्तुत करेगा, जिसे सरकार के विवेक पर तीन महीने तक बढ़ाया जा सकता है और यथाशीघ्र एक अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। यदि सरकार उचित समझती है तो, सरकार अपने विवेक से आयोग के कार्यकाल को इसी प्रकार से और अवधि के लिए बढ़ा सकती है। आयोग सार्वजनिक सेवाओं के वितरण को और अधिक कुशल और पारदर्शी बनाने की दृष्टि से कर्मचारियों की संख्या के युक्तिकरण के लिए विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों के पुनर्गठन के लिए सिफारिशें करेगा।इसी प्रकार, प्रत्येक विभाग, बोर्ड और निगम के स्वीकृत भरे हुए और रिक्त पदों की समीक्षा करना और उनके युक्तिकरण के लिए सिफारिशें करना, विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों के मुख्यालय के साथ-साथ फील्ड स्तर पर संगठनात्मक संरचना का अध्ययन करना और उन्हें अधिक उत्तरदायी और कुशल बनाने के लिए सिफारिशें करना, सरकारी विभागों/बोर्डों और निगमों की दक्षता में सुधार के लिए और सभी स्तरों के अधिकारियों को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए आधुनिक प्रबंधन प्रणालियों की शुरूआत की सिफारिश करना तथा विभिन्न विभागों के कर्तव्यों और कार्यों के चार्टर की तैयारी के लिए सिफारिशें करना और ऐसे कर्तव्यों और कार्यों को कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए उचित प्रशासनिक संरचना का सुझाव देना भी आयोग के कार्यों में शामिल है।














# योग कक्षा में किया गया कंजक पूजन



8 मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने कन्याओं के पैर धोकर और तिलक लगाकर उनकी पूजा अर्चना की

8 बालिकाओं अनायशा गुप्ता, प्रियल कपूर, दारिका और दृश्या ने माता रानी के रूप में सभी को आशीर्वाद दिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **फव्वारा** पार्क योग कक्षा में नवरात्रों की अष्टमी के दिन कंजक पूजन किया गया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने कन्याओं के पैर धोकर और तिलक लगाकर उनकी पूजा अर्चना की। बालिकाओं अनायशा गुप्ता, प्रियल कपूर, दारिका और दृश्या ने माता रानी के रूप में सभी को आशीर्वाद दिया। अन्य शिक्षकों निधि गुप्ता, एनफ चौधरी और सभी साधकों ने योग कक्षा में बालिकाओं के रूप में माता की पूजा की। दिनेश गुलाटी ने कहा कि नवरात्रि के समापन के दिन कंजक पूजन का विशेष महत्व है। नवरात्रों के पूरे 9 दिन मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की उपासना की जाती है। अष्टमी पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की गई। कन्याओं को साक्षात मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और भक्तों को सुख समृद्धि और आशीर्वाद देती है। इससे पहले उन्होंने योग साथियों को योगिक क्रियाओं और प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया। योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अध्यात्मिक विकास की ओर भी अग्रसर करता है। योग से मनुष्य के आचार-विचार शुद्ध होते हैं और शरीर और मन की दशा और दिशा को बदलने में भी योग बहुत सहायक है।

कक्षा में योग साधक विजय गुप्ता, सुरेंद्र भूटानी, रमेश चावला, गोकुल किशोर, गौरव, विनीत, राहुल गेरा, विकास, परवीन, कमल, अनुज, नरेंद्र चौधरी, बब्बल नरवाल, ज्योति और कविता मौजूद रहे।

# 'सम्पत्ति कर बकायादार 31 मार्च तक बकाया टैक्स का करें भुगतान'



8 बकाया टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने पर बीती फरवरी से ब्याज में 40 प्रतिशत छूट का एलान किया गया था

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सम्पत्ति कर बकायादारों के लिए ब्याज में छूट का लाभ लेने के लिए मात्र 2 दिन बचे हैं, इस अवसर का लाभ उठाने में ही समझदारी है। नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से सम्पत्ति कर बकायादारों के लिए बकाया टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने पर बीती फरवरी से ब्याज में 40 प्रतिशत छूट का एलान किया गया था। काफी नागरिकों ने इसका लाभ उठाया है। अब इस छूट का लाभ 31 मार्च तक ही है, यानि 30 और 31 मार्च, दो दिन ही बचे हैं। जिन नागरिकों ने अब तक अपना बकाया टैक्स नगर निगम के खजाने में जमा नहीं करवाया है, वह दो दिनों में इसका लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए नगर निगम के काउंटर 30 और 31 मार्च, दोनो दिन खुले रहेंगे। नागरिक ह्वद्धड्डह्म्4ठ्ठस्त्रष्.शह्म्द्द पोर्टल पर भी प्रॉपर्टी टैक्स भर सकते हैं।

प्रॉपर्टी टैक्स कॉलैक्शन में नगर निगम करनाल ने बनाया रिकॉर्ड- अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि करनाल नगर निगम वर्ष 2010 में अस्तित्व में आया था, उससे पहले यह नगर परिषद था। तब से लेकर अब तक नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स की जितनी भी वर्ष-दर-वर्ष कॉलैक्शन की है, उसकी तुलना में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में नगर निगम करनाल ने पिछले 13 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब तक नगर निगम के खजाने में 32 करोड़ 10 लाख 23 हजार 539 रुपए की राशि जमा हो चुकी है। शेष 2 दिनो की बात करें, तो इसमें ओर इजाफा होने की उम्मीद है। बीते वर्षों के प्रॉपर्टी टैक्स कॉलैक्शन के यह हैं आंकड़े- बता दें कि नगर निगम के खजाने में वर्ष 2016-17 में 13 करोड़ 24 लाख रुपए, 2017-18 में 8 करोड़ 19 लाख, 2018-19 में 12 करोड़ 57 लाख, 2019-20 में 16 करोड़ 94 लाख, 2020-21 में 19 करोड़ 50 लाख, वर्ष 2021-22 में 20 करोड़ 50 लाख और चालू वित्त वर्ष में 29 मार्च तक 32 करोड़ 10 लाख रुपए से अधिक की राशि प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो चुकी है।

## न्यूज फ्लैश

### हेरोइन तस्करी में महिला सहित 2 लोग काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला पुलिस ने करधान मोड़ के पास हरजीत सिंह उर्फ गुड्डू निवासी बलदेव नगर को 10 .50 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांधी मार्केट अंबाला कैंट निवासी सत्यम सूद और पटेल नगर निवासी तेजविंद्र सिंह उर्फ बिन्नी के साथ मिलकर हेरोइन बेचता है। इसी प्रकार एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने हरि नगर के पास निशात बाग निवासी दिव्या को 8 ग्राम हेरोईन सहित काबू किया है।

### ट्राली चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा थाना सेक्टर 32-33 करनाल के एरिया से एक ट्राली चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई एक ट्राली और एक छोटा टैम्पू बरामद किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी शाहरूफ पुत्र इरफान वासी बड़ी नवा जिला शामली उत्तर प्रदेश, मुर्सलीन पुत्र मुसा वासी गांव बडी पुरानी जिला शामली उत्तर प्रदेश व अशरफ पुत्र शेर मोहम्मद वासी मसावी जिला शामली उत्तर प्रदेश को यूपी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि वह पैसों के लालच व अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले अपने एक अन्य साथी मुर्करम के साथ मिलकर एक छोटे टैम्पू में रैकी करते थे और रात के समय मौका पाकर अपने एक ट्रैक्टर के साथ ट्राली को बांधकर चोरी करके मौका से फरार हो जाते थे। आरोपियों के कब्जे से वारदात में रैकी करने के लिए इस्तेमाल एक छोटा टैम्पू व चुराई गई ट्राली बरामद की गई है। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता अजय पुत्र रोशनलाल वासी रसूलपुर खुर्द जिला करनाल ने थाना सेक्टर 32-33 में एक शिकायत देते हुए बताया कि नूरमहल चौक करनाल के पास उसकी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। 12 जनवरी को अपनी दुकान पर उसने अपनी ट्राली खड़ी की थी, जिसको रात के समय कोई अज्ञात व्यक्ति ट्रैक्टर में बांधकर चोरी करके ले गया। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में 13 जनवरी को भारतीय दंड संहिता की धारा-379 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### करनाल पुलिस रेंज में जिला पुलिस ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा का जायजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस द्वारा आमजन के मध्य सुरक्षा की भावना बढ़ाने तथा पुलिस उपस्थिति के लिए समय-समय पर अलग-अलग अभियान चलाए जाते हैं। इसी कड़ी में करनाल रेंज में शामिल जिला पानीपत, करनाल, कैथल पुलिस द्वारा पुलिस महानिरिक्षक करनाल रेंज के मार्गदर्शन में बीती शाम दो घंटे तक एक स्पेशल पैदल गस्त अभियान के तहत पैदल गस्त की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा अपराध पर कारगर अंकुश लगाने हेतु आमजन से मधुर सवाद करते हुए समन्व्य स्थापित किया गया।

बीती सायं तीनों जिलों से सभी थाना-चौकियों व विशेष यूनिटों के इंचार्जी से पुलिस द्वारा सडको पर पैदल गश्त की गई। सभी थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्ज द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के कस्बों व गांव में पैदल गस्त दौरान पुलिस मौजूदगी दिखाकर आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा की गई। प्रवक्ता ने बताया कि इस आप्रेशन दौरान तीनों जिलों के सभी डीएसपी द्वारा पैदल गस्त करके ड्यूटिया चैक करते हुए कर्मचारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ-साथ पुलिस द्वारा आमजन को ट्रैफिक रुल्स का पालन करने बारे जागरुक किया गया। इस दौरान चालकों को बताया गया कि उनकी जिंदगी अनमोल है, इसलिए किसी भी अनचाह हादसे से बचने के लिए यातायात के नियमों की पालना कर पुलिस महानिरीक्षक करनाल, रेज करनाल सतेन्द्र कुमार गुप्ता ने संदेश देते हुए कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आमजन के बीच पुलिस की उपस्थिति आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करती ही पुलिस द्वारा लोगों की सुरक्षा के हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। इस प्रकार के अभियान न सिर्फ अपराध रोकने में कारगर साबित होते हैं, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना व पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने में भी कारगर सिद्ध हो रहे। आमजन की जान-माल की सुरक्षा के लिए आगे भी पुलिस द्वारा तरह-तरह के अभियान चलाए जाएंगे। पुलिस आमजन से भी सहयोग की अपील करती है।

### गुमड के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो दोस्त गम्भीर रूप से घायल

**गन्नौर:** गन्नौर-खूबडू रोड़ पर गुमड गांव के पास मंगलवार को देर शाम को दिल्ली ड्यूटी करके घर लौट रहे दो दोस्तों की मोटरसाइकिल की सड़क पर खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराने से दोनों दोस्त गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में ले गए तो डॉक्टरों ने युवक मोहित को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक कृष्ण की गम्भीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने कृष्ण को मुरथल स्थित निदान अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मृतक के चचेरे भाई दीपक वासी सरढाणा की शिकायत पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शरू कर दी है। दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया वो यस बैंक गन्नौर में नोकरी करता हू । उसने बताया कि उसके चचेरा भाई मोहित दिल्ली सीपीडब्ल्यूडी में नौकरी करता था 28 मार्च की शाम को फोन आया कि छुट्टी करके अपने दोस्त कृष्ण के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गन्नौर से घर आ रहा है। उन्होंने बताया कि वे दोनों अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गन्नौर से साथ गाँव सरढाणा चल पड़े। उन्होंने बताया कि वो भी अपनी अलग बाइक पर सवार होकर उनके पीछे पीछे चल रहा था। दीपक ने बताया कि गुमड़ गाँव में पहुँचने से पहले रोड़ पर एक ट्रैक्टर ट्राली लापरवाही से खड़ा किया था ट्रैक्टर चालक ने कोई भी रिफलेक्टर या लाईट नहीं जला रखी थी, जिसके कारण कुछ भी दिखाई न देने के कारण पीछे से बाइक की टक्कर ट्राली में लग गई। जिसके चलते मोहित व कृष्ण गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़े थे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143


# 'गन्ने की नकली किस्म 160 की बिजाई न करें किसान'




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **करनाल** सहकारी चीनी मिल की तरफ से जिले के गांव मलिकपुर में गन्ना फसल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सहकारी चीनी मिल की प्रबन्ध निदेशक डा. पूजा भारती ने मिल क्षेत्र के आसपास के गावों के किसानों को सम्बोधित किया और गन्ना विचार गोष्ठी में किसानों को मिल की उपलब्धियों तथा गन्ने की पैदावार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करनाल सहकारी चीनी मिल का पिराई सत्र 2022-23 गत 15 नवम्बर 2022 को सफलता पूर्वक आरम्भ हुआ व मिल द्वारा अब तक 42 लाख 53 हजार गन्ने की पिराई करके 11.07 प्रतिशत रिकवरी के साथ 402750 क्विंटल चीनी का उत्पादन कर लिया है। उन्होंने बताया कि मिल द्वारा अब तक खरीदे गए गन्ने में से 116 करोड़ 99 लाख रुपए के गन्ने का भुगतान किसानों को किया जा चुका है, जो कि अब तक खरीदे गए गन्ने की की कुल राशि का 74 प्रतिशत है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि नए रिफाइंड शुगर प्लांट में 18 रूड्ड॥ बिजली का उत्पादन का संयंत्र अपनी पूरी क्षमता के साथ बिजली की सप्लाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि नए बिजली संयत्र द्वारा 5.5 करोड़ रुपए की बिजली का उत्पादन किया जा चुका है, जो सरकार को बेची जा रही है, जिससे मिल को हार्थिक लाभ हो रहा है।

उन्होंने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बीज (नई किस्म), नई विधि द्वारा बिजाई करने की सलाह दी है, जिससे किसानों को अधिक फायदा होगा। करनाल सहकारी चीनी मिल में चीनी के उत्पादन के साथ-साथ गन्ने की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए गन्ना प्रयोगशाला में हाई टिशूकल्चर नर्सरी भी स्थापित की जा चुकी है, जिससे प्रतिवर्ष 10 लाख रोग मुक्त गन्ने की पौध तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि नई गन्ना प्रजातियों को जल्द से जल्द तैयार करके किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। गन्ना प्रयोगशाला में हाई टिशूकल्चर द्वारा तैयार विधि से पौध तैयार करके गन्ना लगाने से मिल और किसानों को अधिक लाभ हो रहा है।

# एनसीसी के बी-सर्टिफिकेट की परीक्षा में पहुंची छात्राएं



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** 26 मार्च 2023 को कमांडिंग आफिसर 1 हर गर्ल्स बटालियन एनसीसी, कर्नल संजीव कुमार, शौर्य चक्र के तहत आर्य गर्ल्स कॉलेज, अंबाला कैंट में आयोजित की गई थी। विभिन्न कॉलेजों के कुल 174 कैडेट परीक्षा में शामिल हुए। कैडेटों की विभिन्न विषयों जैसे ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग और संचार आदि पर जांच की गई। कैडेट अपनी परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार थे। कैडेस में परीक्षा को लेकर भारी उत्साह था। उनका कहना था कि देश सेवा के लिए एनसीसी एक बेहतर माध्यम है। एनसीसी से सटिफिकेट लेकर वह सेना में विभिन्न पदों के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

# नगर निगम की बजट मीटिंग 3 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** नगर निगम के बजट की मीटिंग 3 अप्रैल को होनी निश्चित हुई है। मीटिंग की तारीख आगे बढ़ाए जाने को लेकर मेयर शक्ति रानी शर्मा का स्वास्थ्य खराब होने की बात कही जा रही थी। जिसे लेकर आज डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा है कि मेयर शक्तिरानी शर्मा की तबीयत बिल्कुल ठीक है, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा पार्षदों के आग्रह के बाद ही मीटिंग स्थगित की गई है। मेहता ने कहा कि बजट की मीटिंग 31 मार्च को रखी गई थी, लेकिन भाजपा की संगठन मीटिंग होने के कारण अब फिर स्थगित किया गया है। मेहता ने बताया कि मीटिंग में सफाई और विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। बजट में विकास के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। कहा कि जब से हाउस बना है कि तब से विकास कार्यों के लिए बजट नाम मात्र ही रहा हैं।

# कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज स्थित शिव मंदिर में हुआ हवन

8 चिकित्सक के रूप में तैयार होने पर उनको ईश्वर के चरणों में अर्पित माला से सम्मानित किया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **2017 बैच के** एमबीबीएस विद्यार्थियों और नेशनल मेडिकोज ऑर्गनिसशन (एनएमओ) के कार्यकताओं के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना हेतु कल्पना चावला मेडिकल कालेज एनएमओ इकाई द्वारा हवन का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुजनों का आशीर्वाद भी उन्हें प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भावी डॉक्टरों द्वारा भारतीय संस्कृति की परंपरा को निभाया गया।

पढ़ाई के दौरान निरंतर एनएमओ के विभिन्न कार्यों के माध्यम से अपना चारित्रिक विकास करते हुए एक कुशल देश व समाज हित में कार्य करने वाले चिकित्सक के रूप में तैयार होने पर उनको ईश्वर के चरणों में अर्पित माला से सम्मानित किया गया। मेडिकल कालेज के प्रोफेसर डॉ.तीर्थांकर ने बताया कि वे अपने प्रोफेशनल जीवन में उत्तीर्ण हों, यह प्रार्थना प्रभु से की गई। उन्होंने कहा कि आगे भी संगठन से जुड़े रहकर वे कार्य करते रहेंगे।

इस आशा से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर डॉ. अशोक, डॉ. गुलशन, डॉ. शशांक और डॉ. उत्कर्ष भी उपस्थित रहे।

# वोटरएक्स में 57 छात्रों का डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए चयन हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** जी.टी. रोड स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस सेल और मेधा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में वोटरएक्स कंपनी में 57 विद्यार्थियों का डाटा एंट्री ऑपरेटर (पार्ट टाइम) नौकरी के लिए चयन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास और अर्न व्हाईल यू लर्न जैसे प्रोग्राम से बहुत लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम अपने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के भी अवसर प्रदान कर रहे हैं जिससे कि वे, अपने छात्र जीवन के समय का उपयोग खुद को भविष्य के तैयार करने के लिए कर रहे हैं। इस अवसर पर करियर एवं गाइडेंस सेल की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु मेधा संस्था द्वारा करियर एडवांसमेंट बूट कैंप के माध्यम से रोजगार के लिए 21 वीं सदी के कौशल की प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों को उनके रुझान के हिसाब से रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है। इसी के तहत हमने मेघा संस्था के साथ मिलकर अपने विद्यार्थियों को वोटर एक्स कंपनी की तरफ से डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्ट के लिए रोजगार उपलब्ध करवाया जिसमें हमें कहते बहुत गर्व होता है कि हमारे महाविद्यालय के 57 विद्यार्थियों का चयन हुआ। वॉटर एक्स एक अभियान प्रबंधन की कंपनी है, जो गतिविधि के आयोजन निष्पादन ट्रैकिंग और उत्पाद विश्लेषण जैसी क्रियाएं करती हैं। इसके साथ-साथ डॉ. अर्पणा गर्ग ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें और बेहतर करियर विकल्पों के लिए तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया। इस प्लेसमेंट के सफल आयोजन में महाविद्यालय की प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस सेल की टीम के साथ मेधा टीम से पीयूष गुप्ता, विवेक शर्मा, सदफ कमल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के 38 लाख हड़पे, कंपनी पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला के एक ठेकेदार के 38 लाख रुपए हड़पने के मामले में थाना बलदेव नगर मे मामला दर्ज हुआ है, जिस कंपनी के जरिए फर्म को टेंडर दिया गया था अब उस कंपनी के अधिकारी फर्म के संचालक को पेमेंट मांगने पर जान से खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। इस सबंध में पीडित सेठी इंकलेव बलदेव नगर निवासी पुनीत सभ्रवाल ने एसपी को शिकायत दी थी, जिसूके बाद पुलिस ने गुरूग्राम निवासी कौशिक पाल व सोमा रोडिस कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में पुनीत सभ्रवाल ने बताया कि उसकी एक फर्म है, जोकि भवन व सड़क निर्माण के ठेके लेती है। वर्ष 2020 में उसे पानीपत-जालंधर मार्ग पर रखरखाव का काम मिला था। यह काम उसे रोडिस कंपनी (गुरुग्राम) के अधिकारी कौशिक पाल और अलवारो सनटोस ने दिया था। इस कंपनी का आफिस देवीनगर में है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कार्य के आदेशों में 30 दिन के भीतर अदायगी करने के लिए बाध्य थे। उसने उक्त कंपनी के इंजीनियर से निरीक्षण व सत्यापन करने के बाद ही सभी बिल जमा कराए थे।

# नकली वीजा दिखाकर विदेश भेजने के नाम पर धोखाधडी करने वाला आरोपी अरेस्ट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **डिटेक्टिव** स्टाफ की टीम द्वारा एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को विदेश भेजने के नाम पर नकली वीजा दिखाकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से दो पासपोर्ट और 50 हजार रुपए की नकदी बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा 26 मार्च को आरोपी गुरप्रीत उर्फ गुरी पुत्र हंसा सिंह वासी भटिण्डा पंजाब को करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 27 मार्च को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। रिमाण्ड के दौरान की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी व उसके अन्य साथियों ने मिलकर लोगों को विदेश भेजने के लिए दिल्ली में अपना एक ऑफिस खोल रखा है। आरोपी सोशल साईट्स पर अपने ऑफिस का विज्ञापन देते थे। विज्ञापन देखकर जब कोई व्यक्ति आरोपियों से सम्पर्क करता था तो आरोपी उसे कम पैसों में वर्क परमिट पर विदेश भेजने का झांसा देते थे और सम्पर्क करने वाले व्यक्ति से उसका पासपोर्ट व एडवांस रुपए ले लेते थे और उस व्यक्ति को एक नकली वीजा दे देते थे। आरोपी के कब्जे से दो पासपोर्ट व पचास हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता गुलशन पुत्र सलकीत सिंह वासी चुरनी जिला करनाल ने थाना सदर में एक शिकायत देते हुए बताया कि वह चुरनी गांव में अपना मैडिकल स्टोर चलाता है। एक दिन उसने वर्क परमिट पर विदेश जाने के लिए फेसबुक पर नेविगेटर ग्लोबल उत्तम नगर नई दिल्ली के फोन नम्बर से गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी पुत्र हंसा सिंह वासी बुटा मण्डी जालंधर पंजाब से सम्पर्क किया। जिनकी आपस में वर्क परमिट पर पोलैंड जाने के लिए चार लाख रुपए में बात तय हो गई। शिकायतकर्ता के अलावा शिकायतकर्ता के तीन अन्य जानकार लडकों की भी वर्क परमिट पर विदेश जाने के लिए आरोपी से चार लाख रुपए प्रति व्यक्ति बात तय हो गई। जिसके बाद आरोपी ने सभी से उनके पासपोर्ट ले लिये और अलग-अलग समय पर आठ लाख साठ हजार रुपए ले लिए। इसके बाद आरोपी ने 5 मार्च को शिकायतकर्ता व उसके जानकारों को वीजा की फोटोकॉपी दी। जब इनको वीजा पर शक हुआ तो इन्होंने अपने किसी जानकार से वीजा चैक करवाया तो वीजा फर्जी पाया गया। इसके बाद पीडित पक्ष ने आरोपी से अपने पासपोर्ट व रकम वापिस मांगी तो आरोपी ने उनकी रकम व पासपोर्ट देने से साफ इंकार कर दिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ नामजद व उनके अन्य साथियों खिलाफ थाना सदर में 22 मार्च को भारतीय दंड संहिता की धारा- 406,420,467,468, 471 व 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संपादकीय

# उत्कृष्ट जीवन की प्रेरणा हैं श्रीराम

**प्रायः** कहा जाता है कि जीवन हो तो भगवान श्रीराम जैसा। जीवन जीने की उच्चतम मयार्दा के पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सबमें सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन से अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है। वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषाद राज को भी गले लगाया, केवट को भी पूरा सम्मान दिया। इतना ही नही भगवान राम ने उन सभी को अपना अंग माना जो आज समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मयार्दाओं को तार-तार कर रहा है।

भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृत्ति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जाएगा।

# नीतीश की राहुल के मामले पर चुप्पी के सियासी मायने?

**अशोक भाटिया**

> "कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश अपना सियासी रथ जिस दिशा में हांक रहे हैं, बड़ी ही जल्दी उससे यू-टर्न लेने वाले हैं, यानी सुशासन बाबू एक बार फिर पलटी मारने की तैयारी में हैं। इस पलटी मारने वाले कथन को बल उस समय भी मिला, जब राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता छिन गयी थी। इस मामले में हर राजनीतिक दल और राजनेता की प्रतिक्रिया आयी, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश चुप्पी साधे रहे। सवाल उठता है कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के साथ अपने चल रहे खट्टे-कड़वे रिश्ते को कूलिंग ऑफ पीरियड की ओर लेकर जा रहे हैं। एक बार फिर लौटते हैं, संजय मयूख के घर, जहां मुख्यमंत्री नीतीश हंसते-मुस्कुराते लोगों से मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश यहां अकेले नहीं गये, बल्कि बड़े दल-बल के साथ पहुंचे थे"

**बिहार** के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड नेता नीतीश कुमार कब किस पाले में जाएंगे, यह कोई कह नहीं सकता। नीतीश कुमार का राजनीतिक इतिहास बताता है कि वो पहले भी कई खेमों को बदल चुके हैं। नीतीश लंबे समय तक भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए खेमे में रहे। फिर एनडीए छोड़ राजद-कांग्रेस के साथ महागठबंधन के साथी बने। फिर किसी बात पर अनबन होने के बाद उन्हें भाजपा का दामन थाम लिया और फिर कुछ ही महीनों बाद वो भाजपा को छोड़ राजद-कांग्रेस के समर्थन से बिहार में सरकार चला रहे हैं। इस समय वो एंटी भाजपा खेमे में है लेकिन बीते कुछ दिनों से नीतीश कुमार का अंदाज बदला-बदला नजर आ रहा है जिससे बिहार के साथ-साथ केंद्र की सियासत में यह चर्चा होने लगी है कि नीतीश कुमार फिर पलटी मार सकते हैं।राजनीतिक खेमेबाजी बदलने के कारण ही नीतीश कुमार के आलोचक उन्हे 'पलटू कुमार' की उपमा दे चुके हैं। इधर कुछ दिनों से नीतीश कुमार का मेलजोल और व्यवहार बदला-बदला सा नजर आ रहा है। मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दो साल की कैद की सजा हो या उनकी सांसदी समाप्त किए जाने का निर्णय, इन दोनों फैसलों पर विपक्ष के तमाम नेता सरकार के खिलाफ बोलते नजर आए। लेकिन नीतीश कुमार चुप्पी की चादर ओढ़े रहे। वैसे भी बिहार की राजनीति में कब क्या हो जाये कुछ कहा नहीं जा सकता क्योकि बिहार के जलवे ही अलग हैं। यहां के नेताओं की हर गतिविधि के पीछे कुछ न कुछ सियासी मतलब निकाला जाता है। इसलिए बिहार में राजनीति की संभावनाएं किसी भी दूसरे राज्य के मुकाबले अधिक संवेदनशील होती हैं। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही ले लीजिए। वह चैती छठ महापर्व के मौके पर भाजपा के विधान पार्षद संजय मयूख के सरकारी आवास पर खरना का प्रसाद लेने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री कुछ देर वहां रुके, बातचीत की और खरना प्रसाद खाकर वापस चले गये। इस पूरे प्रकरण में प्रत्यक्ष रूप से कोई सियासी बात दिखायी नहीं देती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से नीतीश कुमार के रुख में जो बदलाव देखा जा रहा है, उससे इस ह्यप्रसाद पॉलिटिक्सह्ण की चर्चा भी जोर पकड़ने लगी है। अब इस बात की संभावना देखी जाने लगी है कि क्या नीतीश कुमार एक



बार फिर पलटी मारने की तैयारी कर रहे हैं। यह सवाल पूरी तरह खारिज किये जाने लायक भी नहीं है, क्योंकि पहले तेजस्वी से सीबीआइ की पूछताछ और फिर राहुल गांधी प्रकरण पर नीतीश कुमार की चुप्पी ने इस संभावना को हवा दे दी है। इतना ही नहीं, रामचरित मानस विवाद और राजद विधायक सुधाकर सिंह के मुद्दे पर राजद के रुख को भी नीतीश भूल नहीं पाये हैं। ऐसे में उन्हें बिहार का नया ह्यमौसम वैज्ञानिकह्ण बताया जा रहा है, जो 2024 में अपनी छिपी हुई महत्वाकांक्षा को पूरा होने का सपना देखने लगे हैं। उगते सूरज को हर कोई नमस्कार करता है, लेकिन बिहार का छठ अकेला ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते सूरज का महत्व उग रहे सूर्य से कम नहीं है। सूर्य उपासना का ऐसा ही एक और पर्व चैती छठ बिहार में मनाया जा रहा है और इस राज्य की सियासत की धुरी कई बार इन्हीं ह्यउत्सवी कूटनीतिह्ण से गति पाती आयी है। इस वक्त बिहार की राजनीति के केंद्र में हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके चारों तरफ अटकलों का एक नया घेरा हर दिन बनता जा रहा है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश अपना सियासी रथ जिस दिशा में हांक रहे हैं, बड़ी ही जल्दी उससे यू-टर्न लेने वाले हैं, यानी सुशासन बाबू एक बार फिर पलटी मारने की तैयारी में हैं। इस पलटी मारने वाले कथन को बल उस समय भी मिला, जब राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता छिन गयी थी। इस मामले में हर राजनीतिक दल और राजनेता की प्रतिक्रिया आयी, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश चुप्पी साधे रहे। सवाल उठता है कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के साथ अपने चल रहे खट्टे-कड़वे रिश्ते को कूलिंग ऑफ पीरियड की ओर लेकर जा रहे हैं। एक बार फिर लौटते हैं, संजय मयूख के घर, जहां मुख्यमंत्री नीतीश हंसते-मुस्कुराते लोगों से मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश यहां अकेले नहीं गये, बल्कि बड़े दल-बल के साथ पहुंचे थे। इस मौके पर वित्त मंत्री विजय चौधरी और कई अन्य बड़े नेता भी उनके साथ थे। इस बात की अटकलों में और तेजी उस समय से आयी है, जब मुख्यमंत्री नीतीश भाजपा नेता संजय मयूख के घर खरना का प्रसाद खाने पहुंच गये। खरना चार दिन चलने वाले चैती छठ पर्व का दूसरा दिन होता है, जिसमें व्रती महिलाएं दिन भर व्रत रख कर शाम को सूर्यदेव और छठी माता को भोग लगा कर गुड़ के रस से बनी खीर और रोटी का प्रसाद बांटती हैं और फिर खुद भी खाती हैं। खरना के प्रसाद का महत्व इसलिए है, क्योंकि यह अधिक से अधिक लोगों में बांटने की कोशिश होती है और जो भी यह प्रसाद खा लेता है, ऐसा मानते हैं कि उससे कोई बैर नहीं रहा, वह अपनी ही जमात का आदमी हुआ।खरना के बारे में इस मान्यता के बाद यह सवाल तो बनता ही है कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश भाजपा नेता संजय मयूख के घर इसी वादे-इरादे के साथ पहुंचे थे कि वह साबित कर सकें कि वह भाजपा से अलग नहीं हैं, या फिर उन्हें अलग नहीं समझा जाये। इस पूरे आयोजन की जिस तरह की तस्वीरें आयी हैं, वे कुछ साफ-साफ तो नहीं कहतीं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश की बॉडी लैंग्वेंज को लेकर कुछ इशारा जरूर करती हैं। वह हाथ जोड़े हुए, हंसते-मुस्कुराते हुए संजय मयूख के घर पहुंचे हैं। लोगों से गर्मजोशी से मिल रहे हैं। उनका यह अंदाज अप्रैल 2022 की याद दिलाता है।

अप्रैल 2022 में बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश बिहार से लेकर केंद्र की सत्ता तक को चौंकाते हुए इसी हाथ जोड़े हुए अंदाज में राबड़ी आवास तक पैदल गये थे। इसके ठीक दो दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा था और मुख्यमंत्री नीतीश का इस दौरान राबड़ी आवास जाना बड़ा सियासी संकेत था। यह ह्यउत्सवी राजनीतिह्ण पूरी तरह अगस्त में खुल कर आयी, जब एक नाटकीय घटनाक्रम के तहत नीतीश ने एनडीए से दामन छुड़ा लिया और राजद का साथ लेकर महागठबंधन में शामिल हो गये। इसके साथ ही उन्होंने फिर से एक बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद से बिहार की सियासत में उथल-पुथल जारी है। अंदरखाने की हलचल बता रही है कि राजद-जदयू में सब कुछ ठीक नहीं है। राजद के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह हाथ धोकर मुख्यमंत्री नीतीश के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उधर, उपेंद्र कुशवाहा ने जनवरी 2023 में यह कह कर हलचल मचा दी कि मुख्यमंत्री नीतीश और राजद में कोई डील हुई है। इस डील की बाबत कहा जाता है कि नीतीश बस कुछ ही दिन मुख्यमंत्री रहेंगे, फिर कुर्सी तेजस्वी को दे देंगे। राजद की ओर से कई बार मुख्यमंत्री नीतीश को पीएम मेटेरियल बता कर बहाने से यह भी कहा गया है कि वह 2024 की समग्र तैयारी करें, बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी तेजस्वी के लिए छोड़ दें। जगदानंद सिंह ने जनवरी में कहा था कि लालू यादव में वह ताकत है कि वह नीतीश कुमार को पीएम बना सकते हैं। राजद के मंत्री मृत्युंजय तिवारी भी कह चुके हैं कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। इधर लालू परिवार के खिलाफ जांच एजेंसियों की तेजी और उन लोगों पर लग रहे आरोप से भी सुशासन बाबू का चेहरा असहज मजसूस कर रहा है। जिस तरह से सुशील मोदी लालू परिवार के खिलाफ आरोपों का पुलिंदा जारी कर रहे हैं, उससे कहीं न कहीं नीतीश की छवि को धक्का लग रहा है।

## कविता

### बुधिया फिर अनाथ हुई

यकायक बुधिया विचारवान हुई
भ्रूण में ही उसने सोचा
इस काल से आदि काल तक बुधिया तुझे क्या मिला
भृम में रक्ताल्पता रही
पैदा हुई मां चल बसी
गरीबी बेचारी सब ने मिलकर पाला उसे
तार-तार चीथड़ों ने पोसा तुझे,
चंद मटमैली दूध की बूंदों ने,
दी ऊर्जा और जिजीविषा उसे,
संसार में आंख खोलने की शक्ति,
संकट काल में पिता ने भी छोड़ा
साथ,
भाग निकला तमाम जिम्मेदारियों से,
बुधिया को छोड़ गया,
घिरी हुई तमाम बीमारियों से,
बुधिया फिर अनाथ हुई,
तोतली बोली के साथ,
शुरू हुआ बाल श्रम का सिलसिला,
पेट और पीठ की दूरी न नाप सका कोई ,
पेट की आग ईमान,धर्म और ईश्वर बनी,
जिंदगी ने एक बार फिर,
नर्क की कोख से जन्म लिया,
रोटी की खातिर रोटी के लिए,
यू सुबह और ऐसे ही सांझ हुई

**संजीव ठाकुर**

# प्रकृति के इशारों को समझिए

**संजीव ठाकुर**

**ग्लोबल** वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है' जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए।

## विचार

# कण-कण में राम, जन-जन के राम

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**श्रीराम** हमारे आराध्य हैं। वह सनातन संस्कृत के ध्वजवाहक हैं। राम सिर्फ मयार्दा पुरुषोत्तम ही नहीं हमारे समग्र संस्कार में समाहित हैं। राम के बिना पूरी हिंदू संस्कृति अधूरी है। वह जीवन दर्शन हैं। श्रीराम हमारे संस्कार हैं। हमें सदसच्चरित्र देते हैं। अत्याचार से लड़ने की तागत देते हैं। विषम परिस्थितियों में भी जीवन को कैसे जिया जाय यह भी बताते हैं। श्रीराम के लिए धन, वैभव, यश, मान, सम्मान से कहीं अधिक ऊंचा उनका आचरण है। उन्हें सत्ता नहीं सदाचार प्रिय। वह हमेशा मयार्दा में रहना चाहते हैं और हर प्राणी के सम्मान की रक्षा चाहते हैं। वह प्रजारंजक हैं। उपकार और परोपकार उनका जीवन दर्शन है। इसलिए राम हमारे कण-कण में विराजमान है। श्रीराम को भगवान के रूप में पूजने के बजाय हम उन्हें लोक नायक के रूप में अधिक समझ सकते हैं। तभी हमारे लिए चैत रामनवमी की सार्थकता समझ में आएगी। अयोध्या श्रीराम की जन्मभूमि और जीवन संस्कार है। हिंदू धर्म की पौराणिक मान्यता के अनुसार अयोध्या सप्त पुरियों मथुरा, माया , काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका में शामिल है। श्रीराम की नगरी अयोध्या को अथर्ववेद में भगवान की नगरी कहा गया है। अयोध्या के शाब्दिक विश्लेषण से पता चलता है कि अ से ब्रह्मा, य से विष्णु और ध से रुद्र यानी त्रिदेव का स्वरूप है अयोध्या। जहां ब्रह्मा, विष्णु और शंकरजी स्वयं विराजमान हैं। अयोध्या के कण-कण में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम बसे हैं। इसे हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख धर्म का मौलिक स्वरूप माना जाता है। सरयू नदी के पावन तट पर बसी है अयोध्या। इसकी स्थापना महाराज मनु ने की थीं। इसे साकेत के नाम से भी जाना जाता है। श्रीराम विकारों से मुक्त उत्तम और मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। इसी लिया उन्हें श्रेष्ठ मर्यादा का वाहक मयार्दा पुरुषोत्तम कहा गया है। वह धर्म, विवेक और आदर्श, के साथ मयार्दा और नैतिकता के प्रतीक हैं। वह मनवता के धर्मप्राण हैं। अहंकार और अविवेक रहित हैं। वह क्रोध, पाप से बिलग हैं। वह समदर्शी हैं। उन्होंने अपने निहित स्वार्थ के लिए धर्म की ध्वज को कभी गिरने नहीं दिया। न्याय और धर्म को हमेशा शीर्ष पर रखा। पिता महराज दशरथ और माँ कैकैई के वचनों के अनुपालन में राजसत्ता और वनवास को त्याग दिया। प्रजा के भावनाओं को उन्होंने हमेशा सम्मान किया। अयोध्या की प्रजा कि तरफ से आशंका उठने पर माँ सीता को वनवास भेज दिया। श्रीराम लोक मयार्दा को कहीँ से भी भंग नहीं होने दिया। यहीं वजह रहीं कि वह लोकरंजक कहलाए। उन्हें प्रजारंजक कहा गया। राज्य विस्तार को उन्होंने सिरे से खारिज किया। लंका को जीत कर विभीषण का राजतिलक किया। बालि के कुकर्मों का अंतकर सुग्रीव को राजा बनाया तो अंगद को युवराज। राक्षसों को वध कर दण्डकारण्य ऋषियों और मुनियों को दिया। श्रीराम हिंदुत्व के ध्वजवाहक हैं। वह धर्म हैं, संस्कार हैं। संस्कृति हैं। श्रीराम हिंदुत्व के राग, रंग और संस्कार हैं।वह मानववता के आधार स्तम्भ हैं। उनका अवतार ही इस धरा पर धर्म के अवतार के रूप में हुआ। मानवता के कल्याण और समाज के आदर्शवाद के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने हमेशा अयोध्या में धर्म को राज्य के नीति में शामिल किया। श्रीराम की अयोध्या रघुवंशी राजाओं की बेहद प्राचीन राजधानी थी। यह यह कौशल की राजधानी थी। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या 12 योजन लम्बी और 3 योजन चौड़ी बताई गई है। आईन-ए-अकबरी के अनुसार अयोध्या कि लंबाई 148 कोस तथा चौड़ाई 32 कोस मानी गई है। ह्यकोसल नाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान। निविष्टः सरयूतीरे प्रभूतधनधान्यवान्ह्ण का उल्लेख है। अयोध्या के दर्शनीय स्थलों में हनुमान गढ़ी, रामदरबार, सीतामहल, राम की पैड़ी, गुप्त द्वार घाट, कैकेयी घाट, कौशल्या घाट, पापमोचन घाट, लक्ष्मण जैसे प्रमुख स्थल हैं। भगवान राम का जन्म चैत्र मास की नवमी को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। कहते हैं कि 1528 में बाबर के सेनापति मीरबकी ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर स्थित मंदिर तोड़कर बाबरी मस्जिद बनवाई। अयोध्या का का शाब्दिक अर्थ है जहाँ कभी युध्द न हुआ हो अर्थात अ-युध्य अथार्थ ह्यजहां कभी युद्ध नहीं होता। देश में हम रामराज्य स्थापित करना चाहते हैं लेकिन राम जैसा आचरण हम नहीं करते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# मूत्र विसर्जन का पावन दृश्य

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं** दर्शकों को बताना चाहूँगा कि हमारे सामने एक बड़ी ब्रेकिंग न्यूज आ रही है। न्यूज ऐसी वैसी भी नहीं एकदम खास आदमी की है, जिसकी एक झलक पाने के लिए देश का मीडिया उसके पीछे पड़ा है लेकिन वह किसी के हाथ नहीं आ रहा है। मैं बताना चाहूँगा कि हमारे संवाददाता माइकघुसिया कुमार जीरो ग्राउंड लेवल की रिपोर्टिंग करते हुए हमारे लिए एक से बढ़कर एक खबर हम तक पहुँचा रहे हैं। चलिए उन्हीं से पता लगाते हैं कि वे क्या ब्रेक्रिंग न्यूज बताने वाले हैं।ह्व नीचे चड्डी और ऊपर से एक ऐसा कोट, जिसे पिछले एक महीने से धोया नहीं गया है, को पहने हुए स्टूडियो के न्यूज एंकर ने चिल्लाते हुए कहा। माइकघुसिया कुमार अपना माइक संभालते हुए आँखें फाड़-फाड़कर कहने लगे, ह्लचिपकु कुमार जी धन्यवाद! जैसा कि आप देख सकते हैं कि मैं एक ऐसी जगह पर खड़ा हूँ जहाँ एक खास व्यक्ति के दर्शन होने वाले हैं। मैं आपको और अपने दर्शकों को बता दूँ कि यह दृश्य एकदम एक्सक्लूसिव है। इसे हमने अपनी जान को जोखिम में डालकर बड़ी मुश्किल से शूट किया है। आप ठीक मेरे पीछे देख सकते हैं कि एक बंदा मूत्र विसर्जन करते हुए दिखाई दे रहा है। उसके चारों ओर पुलिस वालों का जत्था खड़ा है। यह कोई ऐसा वैसा मूत्र विसर्जन नहीं है। मैं बड़े दिनों से उस बंदे की तलाश में था। इसके लिए मैंने दिन-रात एक कर दी। तब कहीं जाकर मुझे उसके दीदार हुए हैं। वह भी दूर से। उसमें भी केवल उसका मूत्र विसर्जन का दृश्य। यह कोई सामान्य मूत्र नहीं है। यह बहुत खास है। चिपकु कुमार माइकघुसिया कुमार को बीच में टोकते हुए, यह सब तो ठीक है, लेकिन यह मूत्र किस महाशय का है, जिसके चलते देशभर में उत्सुकता बढ़ गयी है। जनता जानना चाहती है कि इस मूत्र विसर्जन दृश्य का हमारे देश के विकास से क्या लेना देना है?ह्व माइकघुसिया कुमार, यह मूत्र उस बंदे का है जिसकी तलाश डॉन फिल्म की तर्ज पर ग्यारह मुल्कों की पुलिस कर रही थी। लेकिन हम पुलिस वालों से तेज हैं। हमारा चैनल सोच से आगे दिन-रात इस बंदे के पीछे लगा रहा। जैसे-तैसे उसका दीदार हुआ है।

# जान के दुश्मन बनते आवारा कुत्ते

**प्रियंका सौरभ**

**कुत्तों** का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। यह उनके कल्याण के लिए जिम्मेदार होने की नैतिक दुविधा इंसान के सामने पैदा करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं क्योंकि कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है, तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है, तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों, विशेष रूप से पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत संरक्षित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति, आरडब्ल्यूए, या संपत्ति प्रबंधन के लिए अवैध बनाता है कुत्तों को हटाना या स्थानांतरित करना। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15% को ही टीका लगाया गया है। भारत की आवारा आबादी बहुत बड़ी है, गोद लेने की गति बहुत धीमी और सीमित है क्योंकि बहुत से लोग केवल विदेशी नस्ल के कुत्ते ही चाहते हैं। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 (अद्यतन किया जा रहा है) का उद्देश्य आवारा पशुओं की आबादी को सीमित करना है लेकिन सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार में इनका कोई लाभ नहीं होता। प्रस्तावित मसौदा नियम, या पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022, नसबंदी और टीकाकरण में केवल प्रक्रियात्मक बदलावों को सामने रखते हैं, केवल ह्ललाइलाज बीमार और घातक रूप से घायलह्व कुत्तों को ही मारने की इजाजत देते हैं, और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को अपने इलाके के में आवारा जानवरों को खिलाने का जिम्मेदार मानते हैं। पीसीए और एबीसी के नियम यह स्वीकार करते हैं कि अनियंत्रित आवारा कुत्तों को रोका जाना चाहिए, हालांकि यह समस्या की भयावहता के लिहाज से मायने नहीं रखता क्योंकि प्रत्येक 100 भारतीयों पर लगभग एक आवारा पशु है।

# निकाय विभाग की बैठक में मेयर मदान ने लिया भाग

## शहरी क्षेत्र में जल भराव संबंधी समस्याओं के निदान हेतु विभिन्न परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकार से माँगी अतिरिक्त ग्रांट



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**मेयर** निखिल मदान ने बुधवार को चंडीगढ़ में हरियाणा निवास पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में भाग लिया औ? शहर के महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि शहर के अति व्यस्ततम मार्गों पर पानी निकासी की सुविधा ना होने के चलते बरसात के समय भारी जल भराव की समस्या पैदा होती है। इसके चलते वहाँ सड़क के हालात बेहद खराब हो जाते है जो वाहन दुर्घटना और ट्रैफिक जाम का कारण बनते है, उपरोक्त समस्या के स्थाई समाधान हेतु इन मार्गों पर स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन डालने की आवश्यकता है जिसके लिए नगर निगम सोनीपत को सरकार से अतिरिक्त बजट की जरूरत है। जैसे गीता भवन फ्लाईओवर से ड्रेन नं 6 तक, ककरोई चौक से ड्रेन नं 6 तक मामा भांजा चौक से मॉडल टाउन वाया (आई टी आई चौक होकर) ड्रेन नं 6 तक। सोनीपत शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से जोड़ने वाले बहालगढ़ एवं मुरथल रोड से ड्रेन नं 6 तक। इन सभी कार्यों के साथ साथ उपरोक्त सभी रोड को नए सिरे से बनाने की भी आवश्यकता होगी। मेयर निखिल मदान ने शहर के गढ़ी घसीटा सहित कई अन्य क्षेत्रों में वर्षों से रह रहे लोगों को उनके घरों का मालिकाना हक दिए जाने की भी माँग उठाई। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने पूर्व में सरकार को विकास शुल्क जमा करवाया था उसी आधार पर अब इन लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक मिलना चाहिए। साथ ही निगम क्षेत्र की अवैध कालोनियों को भी जल्द से जल्द वैध किया जाना चाहिए। नगर निगम सोनीपत क्षेत्र में सभी सुविधाओं से सुसज्जित एक अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की आवश्यकता है। नगर निगम सोनीपत में पिछले कई सालों से स्ट्रीट लाइट की उपलब्धता नहीं है जिसके चलते पूरा क्षेत्र रात को अंधकार में डूब जाता है। इसकी वजह से जहाँ क्षेत्र में आपराधिक वारदात बढ़ी है वहीँ वाहन दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। इसलिए सरकार से अनुरोध है कि नगर निगम सोनीपत को 10000 स्ट्रीट लाइट (जिनकी क्षमता 18 वाट से 50 वाट तक हो) प्रदान की जाएं। नगर निगम सोनीपत क्षेत्र का दायरा लगातार बढ़ रहा है इसके लिए आने वाले समय में पेयजल के सभी संसाधनों का विस्तार किया जाना बेहद आवश्यक है। अतः नगर निगम सोनीपत को 3 नए रेनीवेल लगाने की जरूरत है, ताकि सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की जा सके। हाल ही में नगर निगम द्वारा याशी कंसल्टेंसी कम्पनी से करवाए गए प्रॉपर्टी आई डी सर्वे में हरियाणा के सभी नगर निगमों में व्यापक तौर पर गलत सर्वे और गड़बड़ी की बात सामने आयी है।

# पैन कार्ड को आधार से जोडने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाई

**पानीपत:** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि स्थाई खाता संख्या पैन कार्ड को आधार से जोडने. की समय सीमा इस वर्ष 30 जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले ये समय सीमा 31 मार्च को निर्धारित की गई थी। जो करदाता 30 जून तक पैन कार्ड को आधार से नहीं जोड़ेगें उनके पैन कार्ड निष्क्रिय कर दिये जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि यदि आधार और पैन को 30 जून तक नहीं जोड़ा जाएगा तो ऐसे पैन पर कोई रिफंड नही दिया जाएगा तथा पैन कार्ड निष्क्रिय रहने की अवधि तक ऐसे रिफंड पर कोई ब्याज भी नहीं मिलेगा। संबंधित अधिकारी को आधार के बारे में सूचना देने पर पैन 30 दिन में फिर से चलाया जा सकता है और इसके लिए एक हजार रुपये का भुगतान करना होगा।

# 'प्राथमिक स्तर की शिक्षा का अध्याय जीवन का अहम अध्याय'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा का अध्याय विद्यार्थियों के लिए बहुत जरूरी होता है। प्राथमिक स्तर की शिक्षा का अध्याय जीवन को सफलता की तरफ ले जाने वाला अध्याय भी है, इसे पार करके विद्यार्थी अपने जीवन में सफल हो सकता है। इसलिए विद्यार्थियों को बेहद ही ईमानदारी के साथ पढ़ना चाहिए। विधायक सुरेंद्र पंवार रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कालूपुर में आयोजित बैंच व डेस्क वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सबसे पहले रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट को बधाई देता हूं कि उन्होंने समाज सेवा की एक अनोखी मुहिम चलाई हुई है। इस मुहिम के तहत रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत जरूरतमंदों के लिए आंखों का निःशुल्क ऑपरेशन, निःशुल्क फिजियोथेरेपी सेंटर, स्कूलों में विद्यार्थियों की मदद करना सहित अनेकों सेवा के कार्य कर रहा है। आज राजकीय स्कूल बंदेपुर में विद्यार्थियों के लिए 30 बेंच व डेस्क प्रदान कर विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि अब न जाने कितने विद्यार्थी इन बैंचों पर बैठकर शिक्षा प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने आपको भी बड़ा सौभाग्यशाली मानते है कि रोटरी क्लब ने इस पुनीत कार्य में उन्हें भागीदार बनाया।

करीब 150 बैंच व डेस्क वितरण करने का लक्ष्य रोटरी क्लब का हैश। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह है कि वह मेहनत व लग्न के साथ निरंतर पढ़े, ताकि अपने जीवन में आसानी से सफल हो सकें और माता-पिता के सपनो को साकार कर सकें। इस दौरान डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, पार्षद बिजेंद्र मलिक, रोटेरियन प्रशांत राज शर्मा, आशु नागपाल, प्रेसिडेंट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत, पवन, मुख्याध्यापक, राजेश दहिया, संजय, पूर्व पार्षद, डॉ राकेश नरवाल, पूर्व पार्षद, सुनीता, दिनेश छिक्कारा, सतीश चौपड़ा, संजय आंतिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 'पीएम मोदी ने लोकतंत्र का गला घोंटा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत:**
**जी.टी.रोड स्थित मि**नी सचिवालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय यादव व प्रदेश कांग्रेस ओबीसी चेयरमैन रमेश सैनी के आह्वान पर भाजपा की तानाशाही सरकार के विरोध में देश के संविधान एवं लोकतंत्र बचाने हेतु संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के सामने सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ प्रधान सुभाष तंवर ने कहा कि बीजेपी सरकार आज भारत के लोकतंत्र एवं संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस प्रकार से बीजेपी सरकार ने राहुल गांधी के बयान को बीसी कैटेगरी के विरोधी बताकर पूरे भारत के बीसी समाज को झूठ में फंसाया जा रहा है। जिसको बीसी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। राहुल गांधी द्वारा केवल ललित मोदी एवं नीरव मोदी पर बयान दिया गया था, जो दोनों जनरल कैटेगरी में आते हैं। उन दोनों का बीसी कैटेगरी से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस नेता ओमवीर पंवार ने कहा कि राहुल गांधी 36 बिरादरी एवं हर धर्म की इज्जत एवं मान सम्मान करने वाले एकमात्र ऐसे नेता हैं जो सबकी आवाज को बुलंद करते हैं। इसलिये आज बीजेपी सरकार की पोल खोलने के लिए समाज विरोधी गतिविधियों के विरोध में पानीपत कांग्रेस बीसी प्रकोष्ठ द्वारा प्रदर्शन संविधान निमार्ता की प्रतिमा के सामने कॉंग्रेस नेता व कार्यकताओं ने इक्कठा होकर भाजपा सरकार को चेताने का कार्य किया है। मोहकम छौक्कर ने कहा पीएम नरेन्द्र मोदी ने राहुल गांधी की सदस्यता ही नहीं ली गई बल्कि लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। इस अवसर पर ओमवीर पंवार, जिलाध्यक्ष सुभाष तंवर, मोहकम छौक्कर, काग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश बडौली, अधिवक्ता नरेद अत्री, सुरेन्द्र गॉड, विजय कालरा, अधिवक्ता अजय पंवार, महीपाल सूबेदार, कृष्ण दुग्गल, विकास अग्रवाल, पदम् सिंह, सोनू अंसारी मोनू रावल, रोशन गुर्जर, नरेंद्र बजाज, रघुवीर वाल्मीकि, सूरजभान वाल्मीकि, बलबीर रोड़, अनिल, दीपक शर्मा, अजय, संजय, तेलूराम, तेजू गुर्जर, जगदीश आदि मुख्यरूप काफी काग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत सहकारी शुगर मिल में अब तक हो चुकी है 57 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया (बिजेंद्र सिंह)**
पानीपत के गांव डाहर में बने नये सहकारी शुगर मिल में बुधवार सुबह 6 बजे तक 57 लाख 7 हजार क्विंटल गन्ने की पिराई हो चुकी है। 57 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके पानीपत शुगर मिल प्रदेश के सहकारी क्षेत्र के 10 शुगर मिलों में नंबर एक पर पहुंच गया है। गौर तलब है कि पानीपत शुगर मिल दो साल पहले तक प्रदेश में गन्ने की पिराई करने में 10वें नंबर पर होता था लेकिन गांव डाहर में 50 हजार क्विंटल पिराई क्षमता का नया शुगर मिल लगने से अब पानीपत मिल नंबर एक पर है। वहीं पानीपत शुगर मिल में चीनी की रिकवरी भी हाल में 10.81 प्रतिशत चल रही है और बुधवार सुबह तक शुगर मिल द्वारा 5.23 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। पानीपत शुगर मिल में हर घंटे 28 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने वाली टरबाईन भी बहुत अच्छी चल रही है। शुगर मिल में बने पॉवर हाउस द्वारा एचवीपीएन के नौल्था बिजली घर में बुधवार सुबह 6 बजे 2 करोड़ 55 लाख व 34 हजार यूनिट बिजली एक्सपोर्ट यानि बेची जा चुकी है। जबकि पानीपत शुगर मिल द्वारा गत माह 16 फरवरी तक के गन्ने की पेमेंट भी किसानों को कर दी गई है।

### हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर दी जाएगी सभी मूलभूत सुविधाएं: शौर्यवीर कादियान

**पानीपत:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव शौर्यवीर कादियान ने पार्टी द्वारा चलाये जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत बुधवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव डाहर एवं बुडशाम का दौरा किया और ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया गया। दोनो गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता शौर्यवीर कादियान का स्वागत किया। कादियान ने ग्रामीणों को बताया कि हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पार्टी द्वारा लोगों को कौन-कौन सी सुविधाएं दी जाएगी। इस मौके पर शौर्यवीर कादियान ने ग्रामीणों को वे पम्फलेट भी वितरीत किये गये जोकि अभियान के दौरान लोगों को बांटे जा रहे है। कादियान ने कहा कि प्रदेश में मौजूदा भाजपा व जजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते हर वर्ग हताश व परेशान है और जनता 2024 में होने वाले चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने को लेकर तैयार बैठी है। इस अवसर पर पंडित कृष्ण, प्रदीप, पंडित जगदीश, जयबीर बुडशाम, तेजबीर बुड़शाम, दादा किदारा व हवा सिंह कादियान आदि मौजूद रहे।

### शाओमी इंडिया और वी ने की साझेदारी

**गुरुग्राम।** देश के जाने-माने स्मार्टफोन ब्राण्ड शाओमी इंडिया ने उपभोक्ताओं को 5 जी का सहज अनुभव प्रदान करने के लिए वोडाफोन आइडिया (वी) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के चलते ऑपरेटर द्वारा सेवाओं का लॉन्च किए जाने के बाद शाओमी और रैडमी के स्मार्टफोन यूजर्स वी 5 जी पर डेटा का बेहतर अनुभव पा सकेंगे। शाओमी और रैडमी पोर्टफोलियो की 18 डिवाइसेज की व्यापक रेंज को वी 5 जी पर सफलतापूर्वक टेस्ट किया गया है, जो थ्व्ज। अपडेट्स के बाद नेटवर्क को सपोर्ट करेंगी। वी द्वारा 5 जी नेटवर्क के कमर्शियल लॉन्च के बाद उपभोक्ताओं को अपनी प्रेफर्ड नेटवर्क सेटिंग को 4 जी से बदलकर 5 जी करना होगा। इनेबल्ड डिवाइसेज में शाओमी 13 प्रो, रैडमी नोट 12 प्रो 5 जी, रैडमी नोट 12 प्रो प्लस 5 जी, रैड मी नोट 12 5 जी, शाओमी 12 प्रो, एमआई 11 अल्ट्रा, एमआई 11 एक्स प्रो, शाओमी 11 टी प्रो 5 जी, शाओमी 11 लाईन एनई 5 जी, रैडमी 11 प्राइम 5 जी, रैडमी के50 आई, रैडमी नोट 11 टी 5 जी, रैडमी नोट 11 प्रो 5 जी, एमआई 11 एक्स, एमआई 10, एमआई 10 टी, एमआई 10 टी प्रो और एमआई 10 आई। आने वाले कल को कनेक्टेड बनाने और भारत में 5 जी की क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए शाओमी और वी ने अनफिल्टर्ड 5 जी नेटवर्क के साथ अपने उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए एक दूसरे के साथ हाथ मिलाया है। शाओमी इंडिया और वी ने नई दिल्ली में शाओमी और रैडमी5 जी डिवाइसेज पर नेटवर्क की व्यापक टेस्टिंग की है। वी उपभोक्ताओं एवं उद्यमों के लिए भारत विशिष्ट 5 जी यूजर केसेज के विकास हेतु टेक्नोलॉजी लीडर्स, डोमेन विशेषज्ञों, स्टार्ट-अप्स एवं डिवाइस ओईएम के साथ मिलकर काम करता रहा है।

### टेक्नो ने स्पार्क सीरीज में पहला 5जी फोन स्पार्क 10 5जी महज 12,999 रुपये में किया लॉन्च

**गुरुग्राम।** प्रीमियम टेक्नोलॉजी ब्रांड टेक्नो ने आज भारत में अपने ऑल राउंडर स्पार्क पोर्टफोलियो के तहत पहला 5जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। टेक्नो 70 वैश्विक बाजारों में सक्रिय है। स्पार्क 10 यूनिवर्स सीरीज में स्पार्क 10 5जी दूसरा फोन है, जिसे कंपनी ने लॉन्च किया है। इससे पहले कंपनी ने स्पार्क 10 प्रो को लॉन्च किया था, जिसे 'मेक इट बिग' फिलॉसफी पर पेश किया गया है।
स्पार्क 10 5जी की शुरूआत लेटेस्ट स्मार्टफोन फीचर्स के साथ नए जमाने के डिजाइन को जोड़कर की गई है, जो 15 हजार से कम के सेगमेंट में 5 जी -इनेबल्ड फोन के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगा। 12,999 रुपये की कीमत में स्पार्क 10 5जी फोन डायमेंसिटी 6020 7 एन एम पावरफुल 5जी प्रोसेसर और एचआईओएस 12.6 बेस्ड एंड्रॉयड 13 के साथ आता है। फोन के फास्ट प्रोसेसर को 2.2 जीएचजेड पर क्लॉक किए गए दो आर्म कॉर्टेक्स-ए76 के साथ जोड़ा गया है जो 10-बैंड सपोर्ट के साथ तेज 5 जी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। फोन में मैमोरी फ्यूजन फीचर के जरिए 8 जीबी रैम और स्मूथ स्मार्टफोन फंक्शनैलिटी के लिए 64 जीबी इंटरनल स्टोरेज दी गई है।

# मदिरा सेवन से होने वाली लिवर की बीमारी

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक :**
**बदलती** जीवनशैली और आदतों की वजह से लोगों के खान-पान में छोटी उम्र में ही मदिरा का समावेश हो गया है। अत्यधिक मदिरासेवन के कारण आगे चलकर एल्कोहलिक फैटी लिवर रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। लिवर रोग में शुरूआती लक्षण दिखाई नहीं देते, और जब तक यह बीमारी बढ़कर गंभीर न हो जाए, तब तक इसे पकड़ पाना मुश्किल होता है। लिवर रोग के अस्पष्ट लक्षणों में थकान बने रहना, पेट में दर्द होना, या वजन का घटना शामिल हैं, लेकिन आम व्यक्ति के जीवन में ये लक्षण सामान्य होने के कारण आसानी से नजरंदाज हो जाते हैं। डॉ. सार्थक मलिक, कंसल्टैंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका नियमित तौर से ओपीडी के लिए रोहतक आते हैं। वो 29 मार्च को सुबह 11 बजे से 1 बजे के बीच लाईफकेयर हॉस्पिटल में बैठेंगे। मदिरासेवन के कारण होने वाले लिवर रोग के बारे में डॉ. सार्थक मलिक, कंसल्टैंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका ने कहा, आज मदिरा सेवन के कारण होने वाली अनेक समस्याएं, जैसे उच्च रक्तचाप, दिल की बीमारी, लिवर खराब हो जाना आदि बहुत ज्यादा देखने को मिल रही हैं।

# 'आग की घटनाओं में कमी आये इसको लेकर प्रबंधन की जरूरत'

## जिले में वर्ष 2021 के मुकाबले वर्ष 2022 में आग की घटनाओं में 67 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**वायु** गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष डॉ.एम.एम. कुट्टी ने पराली प्रबंधन को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आग की घटनाओं में कमी आये इसको लेकर व्यापक प्रबंधन करने की जरूरत है। प्रदेश में कई जिले ऐसे चयनित किये गये हैं जहां आग की घटनाएं ज्यादा घटती है। इस दिशा में बड़े स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को इसके लिए कमटियां बनाकर जागरूक करना होगा। वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है जिस पर काबू पाने के लिए जागरूकता अभियान चलने की सख्त जरूरत है। समीक्षा बैठक में उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिले में वर्ष 2021 के मुकाबले 2022 में आगजनी की घटनाओं में 67 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

**8 जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आग की घटनाओं में कमी आये इसको लेकर व्यापक प्रबंधन करने की जरूरत है**

उपायुक्त ने आश्वासन दिलाया की भविष्य में आग की घटनाएं कम घटे इसको लेकर वे प्रयास करेंगे व जिले में इसको लेकर निगरानी बरतेंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में डॉ. कुट्द्टी ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के भी निर्देश दिये। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपायुक्त के अलावा नगराधीश राजेश सोनी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह व कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने मंडी में सरसों की खरीद को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**8 गेहूं की आवक भी आगामी दिनों में शुरू होगी। एक अप्रैल से फसल की सरकारी खरीद शुरू की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
एसडीएम वीरेंद्र कुमार ढुल ने बुधवार को पानीपत की अनाज मंडी का दौरा कर मंडी में सरसों की खरीद को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू हो गई है। गेहूं की आवक भी आगामी दिनों में शुरू होगी। एक अप्रैल से फसल की सरकारी खरीद शुरू की जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी अपनी संबंधित मंडियों में लगातार दौरे करें साफ सफाई का विशेष ख्याल रखें।
उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों को कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। सभी मार्केट कमेटी सचिव मंडियों के प्रधानों के साथ भी तालमेल रखें। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे अपनी फसल सुखाकर लाएं।

# बंद मकान से चुराए 42 हजार केश व जेवर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** चोरो ने बंद पड़े मकान से 42 हजार रुपए कैश और सोना-चांदी के जेवरात चुरा लिये। शहर के प्रीतम विहार निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह 24 मार्च को परिवार के साथ रिश्तेदारी में समान (पंजाब) गया था। घर पर उसके पिता थे जो कल सुबह साढ़े 9 बजे का ताला लगाकर कहीं चले गए थे। जब उसके पिता दोपहर ढाई बजे वापस आए तो मैन गेट का ताला लगा हुआ था और पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। इसी बीच चोरो ने मौका पाकर घर से 15 तोले सोने की चेन, सोने की 2 अंगूठी, एक माथे का टीका, चांदी के जेवरात और 42 हजार रुपए कैश गायब मिला।

# डीसी ने लगाया तहसील कार्यालय में खुला दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के** उपायुक्त सुशील सारवान बुधवार को सुबह ठीक 9 बजे अपने कार्यालय में जाने के लिए लघु सचिवालय पहुंचे तो उन्हें कुछ लोग लघु सचिवालय के ग्राउंड फलोर पर स्थित तहसील कार्यालय के बाहर बैठे हुए मिले। इस दौरान उपायुक्त ने फरियादियों को बैठे देखकर तहसील कार्यालय में ही बैठकर लोगों की समस्याएं सुननी आरंभ कर दी। उन्होंने कालखा गांव से आए कुछ लोगों की जमीन से संबंधित निजी मामले की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डीआरओ राजकुमार भौरिया को निशानदेही व अन्य उचित कार्यवाही करने के लिये तुरन्त निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी ने सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनी और जिस विभाग से संबंधित थी, उन्हें समाधान के आदेश दिए। वहीं उपायुक्त सुशील सरावान ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदनकत्रा की शिकायतों पर गंभीरता से काम हो रहा है या नहीं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी अवकाश पर जाता है, तो उसकी पूर्व अनुमति लेते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारी की ड्यूटी जन सुनवाई के लिए लगाना सुनिश्चित करना होगा।

# मोदी सरकार कर रही है संविधान व लोकतंत्र के साथ खिलवाड़: सुभाष तंवर

## कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ ने डा. अम्बेडकर की मूर्ति के सामने दिया लोकतंत्र बचाने को लेकर धरना




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय यादव व प्रदेश कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के चेयरमैन रमेश सैनी के आहवान पर पानीपत जिला के ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने लघु सचिवालय स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति के सामने बुधवार को देश में संविधान एवं लोकतंत्र बचाने को लेकर धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला चेयरमैन सुभाष तंवर सुताना ने की। तंवर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आज देश के लोकतंत्र एवं संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है जोकि बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी जी के बयान को ओबीसी के खिलाफ बताकर देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। जबकि हरियाणा प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का ओबीसी वर्ग राहुल गांधी के साथ खड़ा है और कांग्रेस में ही ओबीसी के हित सुरक्षित है। वहीं काग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से सदन में सांसदों को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सदन से बाहर जनता को आवाज उठाने नहीं देना चाहते, एक अडानी को बचाने के लिए पूरा तंत्र लगा रखा है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार, मोहकम छौक्कर, काग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश बडौली, नरेश अत्री एडवोकेट, सुरेंद्र गोड़, अधिवक्ता अजय पंवार, कृष्ण दुग्गल, विकास अग्रवाल, पदम् सिंह, सोनू अंसारी, मोनू रावल, रोशन गुर्जर, नरेंद्र बजाज, रघुवीर बाल्मीकि, सूरजभान बाल्मीकि, बलबीर रोड़, अनिल, दीपक शर्मा, अजय व संजय आदि मौजूद रहे।

**8 लोकतांत्रिक तरीके से सदन में सांसदों को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सदन से बाहर जनता को आवाज उठाने नहीं देना चाहते**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040





# भाजपा वालों को जेल में डाल दो...: सीएम

## सदन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विश्वास प्रस्ताव ले आए, ध्वनि मत से पास किया






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** विधानसभा में बीते दिनों की तरह हंगामा हुआ। इस बीच भारतीय जनता पार्टी दिल्ली सरकार के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव ले आई। हालांकि उसके पास उचित संख्या न होने के चलते उसे प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। इसके बाद सदन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विश्वास प्रस्ताव ले आए। दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री की ओर से विश्वास प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया था मगर उसे स्वीकार कराने के लिए 20 परसेंट विधायकों के हस्ताक्षर की आवश्यकता थी। मगर उसके पास 11 परसेंट ही विधायक हैं, इसलिए सदन उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं कर सकता था। लिहाजा उन्होंने विपक्ष की मंशा पूरी करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया जिसे ध्वनि मत से पास कर दिया गया।

**विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए बोले सीएमः** भाजपा के अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश किया और सदस्यों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, सदन में हमारे 62 एमएलए हैं, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के अलावा, राजेश गुप्ता प्रकाश जरवाल और रोहित मेहरौलिया बाहर हैं। एक अध्यक्ष हैं, इसके अलावा सभी 56 विधायक हमारे यहां मौजूद हैं। केजरीवाल ने आगे कहा, ऐसे समय में जब भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में जनतंत्र को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ऐसे में आज सदन की घटना महत्वपूर्ण है। भाजपा ने अविश्वास प्रस्ताव दिया था, लोगों को लगा कि ऐसे में कैसे लाएंगे जबकि आठ ही विधायक हैं और 14 जरूरी होते हैं, तब उन्होंने कहा था कि छह की व्यवस्था हो गई है। तब मैंने अपने सभी विधायकों से बात की, सबने कहा कि धमकियां आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, इन्हें कल लगा कि अब कुछ नहीं हो सकता तो उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव वापस ले लिया। फिर हम अपनी मर्जी से विश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। हम चाहते हैं कि ये हमारी कमियां निकालें। मैंने देखा कि 65 मिनट की चर्चा हुई और इसमें से 35 मिनट विपक्ष को मिला है। संख्या के हिसाब से सात मिनट मिलने चाहिए थे।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष में नोकझोंक

**दिल्ली** विधानसभा में नियम 55 के तहत चर्चा कराने के मामले में सत्ता पक्ष विपक्ष मैं नोकझोंक हुई। सत्ता पक्ष की ओर से कल आई पी कॉलेज में लड़कों के घुसने और लड़कियों के साथ छेड़खानी करने के मुद्दे पर चर्चा कराने का नोटिस दिया गया।

जबकि विपक्ष ने शराब नीति पर चर्चा कराने का नोटिस दिया हुआ था विधानसभा अध्यक्ष ने सत्ता पक्ष के नोटिस को स्वीकार कर लिया और विपक्ष का प्रस्ताव अस्वीकार किया इसका विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध किया और उन्होंने चर्चा में बाधा डालना शुरू कर दिया। इस कारण विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के तमाम सदस्यों को मार्शल आउट कर दिया।

### '2025 तो छोड़ो, 2050 का चुनाव भी नहीं जीत पाओगे'

**केजरीवाल** ने सदन में आगे कहा कि, तमिलनाडु में हमने स्टिंग देखा, मेरे पास केसीआर का कॉल आया कि आपकी सरकार गिरने वाली है, लेकिन मैंने कहा कि कुछ नहीं होगा। अगर थोड़ी भी शर्म हो तो अब कोशिश मत करना। हमारे सब एमएलए हीरा हैं, एक भी नहीं बिका।

जेल भी जाना पड़े तो जाना, मैं बड़े से बड़ा वकील दे दूंगा, तुम्हारे घर का भी ख्याल रखूंगा। ये पॉलिक्लीनिक की बात कर रहे हैं थे, मैं खुद उद्घाटन करके आया था। 2017 में कहते थे कि 21 को डिस्क्वलिफाई कर देंगे और फिर सरकार गिरा देंगे। 2017, 2019, 2020 सब में कोशिश कर ली कुछ नहीं हुआ, अब कोशिश मत करना यार। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, समय एक जैसा नहीं रहता, मोदी जी कभी न कभी तो जाएंगे, उस समय भ्रष्टाचार मुक्त भारत होगा, क्योंकि सभी चोर उचक्के एक ही जगह हैं, भाजपा वालों को जेल में डाल दो देश भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री आज कल कह रहे हैं कि ईडी, सीबीआई ने सभी भ्रष्टाचारियों को एक मंच पर इकट्ठा कर दिया। यह आधा सच है, ईडी, सीबीआई ने सभी भ्रष्टाचारियों को एक पार्टी में इकट्ठा कर रखा है।

**आईपी कॉलेज की घटना पर सख्त सत्ता पक्ष :** सत्ता पक्ष के विधायकों ने आईपी कॉलेज की घटना के संबंध में कड़ा रुख अख्तियार करने की मांग की उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के यहां पर धरना प्रदर्शन किया जाए इसके अलावा पुलिस आयुक्त को विधानसभा में तलब किया जाए।

**शिक्षा मंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप :** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने खुलासा किया है कि गेस्ट टीचरों को नियमित करने की फाइल शिक्षा विभाग में गुम हो गई है इस मामले को लेकर उन्होंने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने विधानसभा के अंदर गलत बयान देकर सदन को गुमराह किया वह इसके खिलाफ अवमानना का नोटिस देंगे और उपराष्ट्रपति को शिकायत करेंगे।

# दो मुख्य रोड स्ट्रेच का होगा जीर्णोद्धार

## दो सड़कों के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण के लिए 39.16 करोड़ रुपए के परियोजना को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने उत्तरी व दक्षिणी दिल्ली रोड डिवीजन के अंतर्गत आने वाले दो महत्वपूर्ण सड़कों के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण के लिए बुधवार को 39.16 करोड़ रुपए के परियोजना को मंजूरी दी। इसके तहत महरौली-महिपालपुर रोड पर अंधेरिया मोड से एनएच-48 व बाहरी रिंग रोड पर शहीद कैप्टेन विक्रम बत्रा फ्लाईओवर से बुराड़ी फ्लाईओवर तक की सड़क को नया स्वरुप मिलेगा। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली की सड़कों को सुंदर,सुरक्षित व वर्ल्ड-क्लास बनाने के विजन के तहत सरकार दिल्ली की सड़कों के सुदृढ़ीकरण को लेकर मिशन मोड में काम कर रही है। उन्होंने बताया दिल्ली की सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के अपने विजन के तहत हम राजधानी की सड़कों का विशेषज्ञों से सर्वे करवा रहे है ताकि सड़कों को मजबूत व सुरक्षित बनाने के लिए उनका ब्लू-प्रिंट तैयार किया जा सकें। उन्होंने कहा कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ इनके सौन्दर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का प्रतिबद्धता से पालन सुनिश्चित किया जाए।

सड़कों के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का भी रखा जाएगा ख्यालः फुटपाथ, व सेंट्रल वर्ज का मेंटेनेंस किया जाएगा, मानकों के अनुसार की जाएगी रोड मार्किंग, पैरापेट की दीवारों/रेलिंग आदि के पेंट वर्क भी किया जाएगा, सेंट्रल वर्ज व रोड के दोनों ओर बढाई जाएगी हरियाली और रोड के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का भी रखा जाएगा।

# पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने उठाई रामचरितमानस के बहिष्कार की मांग

**चौपाई पर सवाल**

**= दिल्ली विधानसभा में बुधवार को आईपी कॉलेज में छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार का मुद्दा उठा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। इस बार उन्होंने दिल्ली विधानसभा में बिना नाम लिए रामचरितमानस के बहिष्कार की मांग की। दिल्ली विधानसभा में बुधवार को आईपी कॉलेज में छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार का मुद्दा उठा। इसको लेकर आप विधायकों ने उप राज्यपाल और दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए। महिला सुरक्षा के इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने रामचरितमानस की एक चौपाई पर सवाल उठाया। इसे हटाने की मांग करते हुए कहा कि इसमें महिलाओं के उत्पीड़न को प्रश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस ग्रंथ को भारत में कुछ लोग पूजते हैं, वो पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा और उस पर शोर शराबा भी हुआ है। गौतम ने कहा कि यह ग्रंथ कहता है कि ढोल, गंवार, शूद्र, पशु, नारी सकल ताड़ना के अधिकारी। उन्होंने इस ग्रंथ के बहिष्कार की मांग की। इसके बाद उन्होंने इस ग्रंथ से इस चौपाई को भी हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हम ऐसे ग्रंथ की पूजा करने हैं जो ढोल, गंवार, शूद्र, पशु, नारी को एक श्रेणी में रखकर मारने-पीटने की बात करता है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि कहीं न कहीं यह मुद्दा महिला उत्पीड़न से जुड़ा है। इन्हीं ग्रंथों में महिलाओं के केरैक्टर के बारे में बुरे-बुरे शब्द लिखे हैं। आदमी चाहे कितनी भी महिलाओं से संबंध बना ले, जितनी मर्जी शादियां कर ले, लेकिन इसकी चर्चा नहीं होती।

# फेसबुक लाइव होकर कर रहा था सुसाइड...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नंदन**गरी में फेसबुक लाइव होकर एक युवक आत्महत्या कर रहा था। फेसबुक अधिकारियों के जरिये पुलिस को खबर मिली तो महज तीन मिनट के भीतर युवक के घर पहुंचकर जान बचा ली गई। युवक ने नशे की 40 गोलियां एक साथ खा ली थीं। पुलिस के पहुंचने पर युवक अचेत हो चुका था। फौरन उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज हुआ। समय पर हुई कार्रवाई की वजह से 25 वर्षीय युवक की जान बच गई। नंदनगरी थाना पुलिस एक्सपर्ट से युवक की काउंसलिंग करा रही है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि फेसबुक अधिकारियों ने पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट-आईएफएसओ को सूचना दी कि फेसबुक लाइव होकर एक युवक आत्महत्या कर रहा है। उसने बाय फॉर एवर भी



लिखा हुआ था। अधिकारियों ने पुलिस को दो मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवाए। आईएफएसओ यूनिट ने उत्तर-पूर्वी जिले को इस संबंध में खबर देकर फेसबुक का वीडियो और दो मोबाइल नंबर उपलब्ध करा दिए। सुबह 9:06 बजे मैसेज मिलने के बाद तुरंत एसएचओ नंदनगरी व बाकी स्टाफ को सूचना दी गई। मोबाइल नंबर से फौरन युवक के घर का पता किया गया। जांच में पता चला कि युवक का घर थाने से महज 600 मीटर दूर है। पीसीआर, ईआरवी और एसएचओ तुरंत युवक के घर पहुंचे।

# आईपी कॉलेज मामले के विरोध में 'आप' विधायकों ने उठाई आवाज

**एलजी निशाने पर**

**= दिल्ली की कानून व्यवस्था का जिम्मा एलजी का है और दिल्ली पुलिस केंद्र के अधीन आती है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा में बुधवार को आईपी कॉलेज मामले के विरोध में आप विधायकों ने आवाज उठाई। आप विधायकों ने बारी-बारी दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी वीके सक्सेना) और दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाया कि दिल्ली की कानून व्यवस्था का जिम्मा एलजी का है और दिल्ली पुलिस केंद्र के अधीन आती है। आईपी वीमेंस कॉलेज में आयोजित फेस्ट में कुछ लड़कों के दीवार फांदकर आने और छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप है। इतना ही नहीं, इसके बाद छात्राओं ने जब दिल्ली पुलिस से संपर्क किया तो उन्होंने इस पर संज्ञान



नहीं लिया। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि आईपी कॉलेज फेस्ट में दीवार फांदने की कोशिश करने वाली घटना ने हम सभी को शर्मशार किया है। वहीं नियम 55 के अंतर्गत के तहत विधायक भावना गौड़ ने कहा कि यूं तो आज नवरात्रि में अष्टमी का दिन है और कल नवमी हम बनाएंगे। आज भाजपा और को नारी का सम्मान नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान और चिंता करिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को उच्च दर्जा दिया गया है और आज महिलाएं, पुरुष के कंधा से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। भगवान के नाम में भी पहले राधेश्याम और सीताराम बोलते हैं। दिल्ली के आबादी में 50 फीसदी आबादी महिलाओं की है, लेकिन अब हम दिल्ली में महिला सुरक्षा पर फिर से चर्चा कर रहे हैं। महिला कॉलेज होने के नाते वहां विशेष सुरक्षा करना पुलिस का काम है।

# लैंड फॉर जॉब्स स्कैम में अब 8 मई को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रेलवे में** लैंड फॉर जॉब्स स्कैम में बुधवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपियों की चार्जशीट कॉपी देने को कहा है। सीबीआई ने इस मामले में कोर्ट से सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश करने के लिए 4 हफ्ते का वक्त मांगा है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 8 मई की तारीख रखी है। सुनवाई के लिए राबड़ी और मीसा भारती दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे थे। लालू सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं थे। लालू के वकील ने उनके खराब

**जिरह हुई**


**= सीबीआई ने इस मामले में कोर्ट से सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश करने के लिए 4 हफ्ते का वक्त मांगा है**

स्वास्थ्य का हवाला दिया। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 मार्च को हुई सुनवाई में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और मीसा भारती को 50 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दे दी थी। यह मामला तब का है जब लालू प्रसाद 2004 से 2009 के बीच देश के रेल मंत्री थे।

# स्कूलों में कार्यरत गेस्ट टीचरों को नियमित करने का उठा मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा में बुधवार को नियम 280 के तहत एक बार फिर सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले गेस्ट टीचरों का मुद्दा उठा। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में कार्यरत गेस्ट टीचरों को नियमित करने तथा उनका वेतन बढ़ाने के मामले का मुद्दा विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में कार्यरत 22 हजार गेस्ट टीचरों को नियमित करने का अनेक बार वायदा किया गया था। दिसंबर 2021 में तात्कालीन उप-मुख्यमंत्री की ओर से भी इन गेस्ट टीचरों का वेतन बढ़ाने की घोषणा की गई थी,



जिसे मुख्यमंत्री ने भी बयान देकर मंजूरी दी थी। इसके बावजूद आज तक दिल्ली सरकार ने इन गेस्ट टीचरों को न तो नियमित किया है और न ही इनका वेतन बढ़ाया है, जिसे बच्चों का भविष्य संवारने वाले इन शिक्षकों के साथ अन्याय कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में दिल्ली ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां शिक्षकों को दिहाड़ी के हिसाब से वेतन दिया जाता है। दिल्ली सरकार के स्कूलों में कार्यरत 22,000 गेस्ट टीचरों को नियमित किये जाने के नाम पर शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गयी फाइल ही पिछले 6 सालों से गायब है। मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि अपने वायदे के मुताबिक दिल्ली सरकार के स्कूलों में कार्यरत सभी गेस्ट टीचरों को जल्द से जल्द नियमित किया जाए और उनके वेतन में वृद्धि की जाए। वहीं, गेस्ट टीचरों के मुद्दे पर वित्त मंत्री कैलाश गहलोत और शिक्षा मंत्री ने जवाब दिया। मंत्री कैलाश ने कहा कि भाजपा को गेस्ट टीचरों से कुछ भी लेना देना नहीं है। इन्हें बस इस मुद्दे पर राजनीतिकरण करना है। उन्होंने कहा कि यहां बैठे सभी सदस्यों को पता है कैबिनेट डिसिजन हुआ, एलजी ने सारी चीजें रोकी है। यह सरासर गलत है, इनका पढ़ाई लिखाई से कुछ भी लेना देना नहीं है। ऊपर से नीचे से तक अनपढ़ों की जमात बैठ गई है।

# मनोनीत पार्षद की नियुक्ति के खिलाफ एलजी कार्यालय को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने दिल्ली नगर निगम में उप-राज्यपाल की तरफ से मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) की नियुक्ति के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने उप-राज्यपाल कार्यालय से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल होगी। दिल्ली सरकार ने कहा है कि पार्षद मनोनीत करना राज्य सरकार का अधिकार है। उप-राज्यपाल ने पार्षद मनोनीत कर असंवैधानिक काम किया है। सुनवाई के दौरान

**जवाब तलब**

**= चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने उप-राज्यपाल कार्यालय से जवाब तलब किया है**

दिल्ली सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उपराज्यपाल द्वारा एल्डरमैन की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि अबतक दिल्ली सरकार ही एल्डरमैन की नियुक्ति करती रही है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि एल्डरमैन की नियुक्ति तो प्रशासन ही करता है।

# दिल्ली-6 का 'काला बच्चा': सिर पर ऐसे मारता बट कि चलती थी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली-6** का रहने वाला बदमाश अभिषेक राठी उर्फ काला बच्चा (23) उगाही करने में लगा था। लोगों को धमकाने के लिए वह नया तरीका अपनाया हुआ था। वह पीड़ित के सिर में पिस्टल के बट को ऐसे मारता था कि गोली चलती थी। सिर में बट मारते समय पिस्टल के ट्रिगर पर अंगुली रहती थी। इस तरह वह उगाही के लिए काफी लोगों को धमका चुका है। अपराध शाखा पुलिस अधिकारियों के अनुसार शाखा में तैनात इंस्पेक्टर सुनील कुमार व इंस्पेक्टर राजीव कक्कड़ ने कई महीने की कड़ी मशक्कत के बाद

**गिरफ्तार**

**= सिर में बट मारते समय पिस्टल के ट्रिगर पर अंगुली रहती थी। इस तरह वह उगाही के लिए काफी लोगों को धमका चुका है**

आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टल, तीन कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि हवलदार संदीप को सूचना मिली थी कि सदर बाजार में डकैती के केस में वांछित बदमाश अभिषेक राठी उर्फ काला बच्चा राजेंद्र नगर इलाके में आएगा। उसके खिलाफ हत्या व उगाही के मामले दर्ज हैं। सूचना के बाद एसीपी राकेश कुमार शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील कुमार, इंस्पेक्टर राजीव कक्कड़, एएसआई राजेश व उमेश की टीम ने घेराबंदी कर मोतिया खान सदर बाजार निवासी अभिषेक राठी को 27 मार्च को गिरफ्तार कर लिया।

**एक ही दिन में पांच हत्याएं करना चहाता थाः** पुलिस अधिकारियों के अनुसार इंस्पेक्टर सुनील कुमार को जांच में पता लगा कि आरोपी अभिषेक राठी ने 16 वर्ष की उम्र से ही अपराध की दुनिया में वर्चस्व बनाना शुरू कर दिया था।

# पानी को तरसेगी राजधानीः यमुना में बढ़ा अमोनिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** में गर्मी शुरू होते ही पेयजल की समस्या होने लगी है। इसका मुख्य कारण पानी कमी नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश से गंग नहर और हरियाणा से यमुना नदी में दूषित पानी आना है। इसी कड़ी में यमुना नदी में मंगलवार को कचरा आने के कारण पानी में अमोनिया की मात्रा बढ़ गई। इस पानी को साफ करने में दिल्ली जल बोर्ड के दो संयंत्रों ने हाथ खड़े कर दिए। इस कारण इन संयंत्रों से जुड़े इलाके में पेयजल संकट पैदा हो गया है। दो दिन पहले गंग नहर में दूषित पानी आने के कारण जल बोर्ड के दो अन्य संयंत्रों में पानी का उत्पादन प्रभावित हो गया था। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार यमुना नदी में उच्च स्तर के प्रदूषक




(अमोनिया 5.0 पीपीएम से अधिक) हो गए है। इस कारण वजीराबाद व चंद्रावल जल शोधक संयंत्र पानी को पूरी तरह साफ नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से पानी के उत्पादन में 10-50 प्रतिशत की कटौती की गई है। जल बोर्ड का कहना है कि पानी में अमोनिया की मात्रा सामान्य नहीं होने तक दोनों संयंत्र पूरी क्षमता से नहीं चलेंगे। वहीं गंग नहर से जुड़े भगीरथी व सोनिया विहार जल शोधक संयंत्र भी पूरी क्षमता से नहीं चल रहे हैं।

**इन क्षेत्रों में प्रभावित रहेगी जलापूर्तिः** दिल्ली जल बोर्ड ने कहा कि यमुना नदी में अमोनिया की मात्रा बढ़ने के कारण नई दिल्ली, सिविल लाइन, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़गंज, राजेंद्र नगर, पटेल नगर, बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी, कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद,

**दूषित पानी**

**= दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार यमुना नदी में उच्च स्तर के प्रदूषक (अमोनिया 5.0 पीपीएम से अधिक) हो गए है**

संगम विहार, अंबेडकर नगर, प्रह्लादपुर, रामलीला मैदान, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, मॉडल टाउन, गुलाबी बाग, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी, मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, दिल्ली छावनी आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

**बाहरी दिल्ली में दो दिन पानी नहीं आएगाः** दिल्ली जल बोर्ड गुरुवार को नांगलोई जल शोधक संयंत्र को कच्चा पानी उपलब्ध कराने वाली 1500 मिमी व्यास लाइन का इंटरकनेक्शन करेगा।

इस कारण इन दोनों दिन नांगलोई, मुंडका, हिरण कुदना गांव, कमरुद्दीन नगर, निहाल विहार, रणहौला, बक्करवाला, ज्वालापुरी, राजधानी पार्क, कविता कॉलोनी, मोहन गार्डन, विकास नगर, उत्तम नगर, मटियाला, हस्तसाल, दिचाऊं कलां, झाड़ौदा, मितराऊं, गोपाल नगर, सैनिक एन्क्लेव, बड़ूसराय, दौलतपुर, हसनपुर, खड़खड़ी, झुलझूली, उजवा, रावता, समसपुर, जाफर पुर कलां, खेड़ा डाबर, मलिक पुर, मुंढेला, बाकर गढ़, काजीपुर, ईसापुर, ढांसा, शिकारपुर, घुमनहेड़ा, झटीकरा, राघोपुर आदि इलाकों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

## न्यूज फ्लैश

### विकास नहीं तो बजट नहीं: डिप्टी मेयर राजेश मेहता



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला नगर निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि नगर निगम की बजट की बैठक 3 अप्रैल को होनी है और इस साल भी अधिकारियों ने बजट में अंबाला शहर के विकास को नजर अंदाज किया है। उन्होंने कहा कि अंबाला के विकास के बिना बजट पर चर्चा का कोई औचित्य नही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट 28 फरवरी 2023 को करीब 20 करोड़ से ज्यादा बैलेंस दिखाया है गया है जबकि पार्षदों ने जब भी विकास कार्यों के लिए टैंडर लगाने की बात कही तो अधिकारियों ने बजट न होने का हवाला देते हुए टैंडर नही लगाए। राजेश मेहता ने कहा कि वर्ष 2022-23 में 64 करोड़ रुपए निगम का फरवरी तक खर्चा हुआ इसमें विकास कार्यों पर केवल 75 लाख रुपए के करीब खर्च किए गए। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि बजट की बैठक में पहले विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। बजट में विकास के लिए ज्यादा कुछ नही है। हमने अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि पहले विकास फिर बजट। उन्होंने कहा कि जब से हाउस बना है कि तब से विकास कार्यों के लिए बजट नामात्र ही रहा हैं। वहीं हमारे सफाई कर्मचारी भी कम नजर आ रहे हैं, उसके लिए भी बात रखी जाएगी। मेहता ने कहा कि नगर निगम के पास इस समय 20 करोड़ रुपए बैलेंस हैं और बजट की बैठक में सभी पार्षदों के लिए विकास कार्यों के लिए एक-एक करोड़ का बजट मांगा जाएगा। ताकि सभी पार्षद अपने एरिया में विकास करवा सकें।

### बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना 31 मार्च तक बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के बिलों की समस्या के समाधान के लिए सरचार्ज माफी योजना की शुरूआत 01.09.2022 से 31.01.2023 तक की गई थी। इस योजना का लाभ शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे उपभोक्ताओं के लिए था, जिनका बिल 31.12.2021 तक बकाया था तथा अब तक भी बिल बकाया है। यह योजना कनैक्टिड तथा डिसकनैक्टिड दोनों तरह के उपभोक्ताओं के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता वीके बरनवाल ने बताया कि इस योजना में 31.01.2023 तक 14534 उपभोक्ताओं ने लाभ लिया और उन उपभोक्ताओं का 533.42 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। इस योजना की अवधि को 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दिया है। बिजली विभाग द्वारा ऐसे उपभोक्ता, जो इस स्कीम में आते हैं, उनसे अनुरोध हैं कि वह इस योजना में शामिल हों और अपने बिल का सरचार्ज माफ कराएं। इस योजना के तहत अब तक का पूर्ण सरचार्ज फ्रीज कर दिया जाएगा। तथा उन्हें केवल अब तक की मूल राशि का भुगतान करना होगा।

### एनसीईआरटी ने परख ऐसेसमेंट को मजबूत करने के लिए ईटीएस के साथ करार किया

**नई दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने स्कूली ऐसेसमेंट (मूल्यांकन) के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म परख को मजबूत करने के लिए एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस (ईटीएस) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए। परख, जो प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और समग्र विकास के लिए ज्ञान के विश्लेषण के लिए जाना जाता है (और अंग्रेजी में इनके पहले अक्षरों को मिलाकर) बना है, को 2020 में एनसीईआरटी द्वारा भारत भर के स्कूलों में कक्षा तीन से दस तक के छात्रों के सीखने के परिणामों का आकलन करने के लिए लॉन्च किया गया था। इस मंच का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और स्कूलों के ज्ञान और कौशल की एक व्यापक, उद्देश्यपूर्ण और विश्वसनीय तस्वीर मुहैया कराना है। एनसीईआरटी और ईटीएस के बीच का समझौता ज्ञापन विश्व स्तर पर बड़े पैमाने पर आकलन के डिजाइन, विकास और प्रशासन में ईटीएस की निपुणता को लाएगा। ईटीएस परख आकलन की गुणवत्ता और वैधता बढ़ाने, परीक्षण मदों को विकसित करने और मूल्यांकन पद्धतियों पर शोध करने में एनसीईआरटी का समर्थन करेगा। ईटीएस शिक्षण और सीखने की प्रथाओं में सुधार के लिए परख परिणामों का उपयोग करने के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों के बीच क्षमता निर्माण में एनसीईआरटी की सहायता करेगा। प्रोफेसर इंद्राणी भादुड़ी, प्रमुख - परख, एनसीईआरटी ने कहा, "परख को मजबूत करने के लिए मूल्यांकन में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संगठन ईटीएस के साथ सहयोग करके हमें खुशी हो रही है। यह साझेदारी हमें मूल्यांकन डिजाइन और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को भारत में लाने और बढ़ाने में मदद करेगी तथा परख आकलन की गुणवत्ता और प्रासंगिकता को निखारेगी।" कादरी एरिसिकन, वाइस प्रेसिडेंट, रिसर्च एंड मेजरमेंट साइंसेज, ईटीएस ने कहा, " हम सभी छात्रों के लिए शैक्षिक परिणामों में सुधार के उनके मिशन का समर्थन करने के लिए एनसीईआरटी के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। परख एक आशाजनक पहल है जिसमें भारत में मूल्यांकन परिदृश्य को बदलने की क्षमता है और हम इसकी सफलता में योगदान देने के लिए तत्पर हैं ।"

# चिटाने वाली माता की महाआरती का हुआ आयोजन

## आरती के आयोजन पर पहुंचे पूर्व मंत्री कविता जैन व पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नवरात्रों में** सप्तमी की रात्रि को कामी रोड़ पर रामलीला मैदान स्थित काली माता के मंदिर में चिटाने वाली माता की महा आरती के मौके पर पूर्व मंत्री कविता जैन और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पहुंचकर आरती में भाग लिया और मां के दर्शन किए। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने जय माता की बोलते हुए कहा कि आज यहां मंदिर परिसर में जो अद्भुत नजारा है उस दृश्य को शब्दों में ब्यान नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि माता के दरबार में आकर सब माता की भक्ति में खो जाते हैं। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि माता चिटाने वाली के दरबार में जिला के अलावा देश व प्रदेश के जो भक्त उमंगए उत्साह व श्रद्धा के साथ माता के दरबार में



माथा टेकते हैं। माता रानी निश्चित रूप से इन सभी भक्तों की मनोकामना को पूरी करती है। उन्होंने कहा कि माता के नवरात्रे सुखए शांति और समृद्धि का प्रतीक है। मैं मंदिर संस्था के सभी पदाधिकारियों व पुजारियों को बधाई देती हूं कि वो लगातार जिस भक्ति के साथ आरती का आयोजन करवाते हैंए जिससे भक्तों को माता के दर्शन करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारी मंगल कामना रहती है माता कि कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे और सभी अपने के जीवन में तरक्की और समृद्धि आए।
इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल के



पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि आज मां चिटाने वाली माता की भव्य व मंगल आरती में हमने भाग लिया है और आप देख सकते हैं कि इस आरती का दृश्य अलौकिक होता है और लगता है कि देवता भी धरती पर उतर आए है। उन्होंने कहा कि जो भक्त श्रद्धा के साथ भक्ती भावना के साथ माता की आरती में शामिल होता है माता उन सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती है। उन्होंने कहा कि चिटाने वाली मां की कृपा हम सब पर वर्षों से बनी है। मां सबका कल्याण करती है और सबके परिवार में सुख देती है। पूर्व मीडिया सलाहकार ने सभी भक्तों को नवरात्रों की सबको बधाई देते हुए कहा कि मैं यही कामना करता हूं कि मां का आशीर्वाद सब पर बना रहे। उन्होंने कहा कि इस आरती को करते समय हमें महसूस होता है कि हम कहीं स्वर्ग के द्वार पर आ गए हैंए और माता के साथ सभी देवी देवताओं के दर्शन हो रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि आज देश के युवा जिधर चलते हैं देश भी उधर चलता है। आज हमारे देश के युवा भक्ति भाव से सभी आयोजनों में भाग ले रहे हैं और मैं सोचता हूं कि यह भारत की संस्कृति व संस्कार का प्रतीक है। आज हमारे युवा चाहे विदेशों में हो वो अपनी संस्कृति और संस्कार को नहीं भूल रहे हैं। उन्होंन कहा कि मैं चाहता हूं कि हमारे युवा इसी तरह देश को आगे बढ़ाने का कार्य करते रहे।
इस अवसर पर महेश गोयल, तरुण गोयल, अशोक, नरेश, विशाल, पंडित अमित सौनक आदि सैंकडों माता चिटाना वाली के सैंकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्या से रूबरू होने राकेश टिकैत 3 अप्रैल को मथुरा आएंगे

**टीम एक्श इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**
**भारतीय** किसान यूनियन टिकैत के उत्तर प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार निवर्तमान जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह किसान नेता लोकेश कुमार राही ने कहा प्राकृतिक आपदा ओलावृष्टि बरसात से मथुरा जनपद का किसान पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है छाता गोवर्धन तहसील के किसान मरने के कगार पर हैं लेकिन अभी तक जिला



प्रशासन ने किसानो के बर्बाद हुए खेतों का सर्वे नहीं कराया अभी तक किसानों को मुआवजा भी नहीं मिला मथुरा जनपद का प्रशासन कुंभकरण की नींद सोए हुए हैं जिसके तहत भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत दिनांक 3 अप्रैल को मथुरा जनपद की छाता व गोवर्धन तहसील का दौरा कर बर्बाद किसानों की समस्याओं को सुनेंगे वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है इस सरकार ने सिर्फ किसानों का शोषण किया है जिसे सहन नहीं किया जाएगा भारतीय किसान यूनियन टिकैत परिवार किसानों के साथ है अगर सरकार व जिला प्रशासन ने किसानों के खेतों का सर्वे करा कर मुआवजा नहीं दिया तो मथुरा जनपद के किसानों के साथ एक बड़ा आंदोलन मथुरा जनपद में होगा इसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन सरकार की होगी ।

## जनकल्याणकारी नीतियों को मिल रहा भरपूर समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** विश्व शांति सेवा एवं सम्मान संगठन द्वारा सरस्वती सरोवर ट्रस्ट सोसायटी द्वारा संचालित महाकाली मां दुखभंजनी मंदिर जैन कॉलेज रोड अंबाला शहर के प्रांगण में चल रहे पांचवें नव दिवसीय फ्री मेडिकल शिविर में जहां श्रद्धालुजन संगठन द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं वहीं अनेक सामाजिक संस्थाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। संगठन के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया और मंदिर कमेटी की ओर से माता की चुनरी भेंट की गई। प्रधान हरिन्द्र शर्मा ने संगठन की हौसला अफजाई के लिए सभी का धन्यवाद किया और सभी टीम साथियों को शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा में छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट


**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**किशोरी** रमण (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय,मथुरा में वैल्यूसेंट कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव हरियाणा द्वारा वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं हेतु एक "कैंपस प्लेसमेंट कार्यशाला" आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने किया तथा उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओ से कहा कि तकनीकी के इस युग में कौशल विकास पर अधिक ध्यान देना चाहिए एवं अपने पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है सभी कार्य को पूर्ण लगन के साथ करना चाहिए।



कार्यक्रम में प्लेसमेंट अधिकारी विकास चौहान ने छात्रों को बताया कि जिन छात्रों का आज चयन होगा वे मथुरा में ही रहते हुए नीदरलैंड की कंपनियों के लिए अकाउंट संबंधी कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर वैल्यूसेंट कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड के अमित चतुर्वेदी, सचिन चौहान एवं, किशोरी जयसवाल भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने लगभग 125 छात्र छात्राओं का साक्षात्कार किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर (डॉ) राजेश अग्रवाल ने किया तथा कार्यक्रम की व्यवस्था राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक,डॉ नवीन अग्रवाल एवं एन सी सी अधिकारी लेफ्टीनेंट(डॉ) कपिल कौशिक ने संभाली।

# बिना एनओसी गली निर्माण कार्य को नगरपालिका ने किया बंद

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**नपा की तक**नीकी विंग द्वारा नहरी विभाग से बिना एनओसी के रजवाहें को खत्म करके अवैध रूप से गली निर्माण का कार्य नपा अधिकारियों ने तुरन्त प्रभाव से बंद करवा दिया है। अब नगरपालिका को नहरी विभाग से एनओसी मिलने के बाद ही गली का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा। इस मामले में नगरपालिका की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद केवल नपा की तकनीकी विंग से निर्माण कार्य बंद करवाकर उच्च अधिकारी भी बिना एनओसी निर्माण कार्य करवाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने से परहेज कर रहे है। इससे मामले में शहर में



विभिन्न चर्चा शुरू हो गई है कि कि एक तरफ तो नगरपालिका नहरी विभाग से बिना एनओसी के रजवाहें को खत्म करके अवैध रूप से गली निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया था, जब कि शहर की कुछ गली ऐसी भी है जिनमें नालियां



का गंदा पानी भरता है या कच्ची पड़ी है। ज्ञात रहे कि रेलवे रोड़ पर महादेव नगर के बीचों बीच एक सदियों से चला आ रहा रजवाहा लंबे समय से बंद पड़ा था। नगरपालिका ने उसे समतल करके रास्ता बनाने में जुटी हुई थी। जब कि नहरी विभाग से इसकी कोई भी इजाजत नही ली है। लोगों को कहना है कि जल्दबाजी में बीच के खड़े बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर को भी नही हटवाया गया है। सभी खंबे व ट्रांसफार्मर बीच रास्ते में ही खड़े है।

**निर्माण कार्य बंद करवा दिया, एनओसी आने के बाद होगा : एम ई** -नगरपालिका के एमई राहुल मोर ने बताया कि एडीसी कार्यालय से स्वीकृत होकर आए डी प्लान के दस लाख रुपएं से 35 फुट रास्ते पर गली का निर्माण करवाया जा रहा है। नहरी विभाग ने एनओसी लेकर निर्माण कार्य करने व एनओसी की फीस जमा करवाने के लिए कहा है। निर्माण कार्य भी बंद करवा दिया है।

**नगरपालिका को गली निर्माण से पूर्व एनओसी के लिए बोला : एक्सईन सुरेश**
नहरी विभाग के एक्सईन सुरेश कुमार ने बताया कि नगरपलिका को एनओसी की फीस जमा कराने के लिए बोला गया है। रजवाहा गुजरने के कारण यह नहरी विभाग की जगह है। बिना नहरी विभाग से एनओसी लिए सड़क का निर्माण नही करवा सकते। लेकिन बिना एनओसी के गली निर्माण गलत है।

## अब गंगाजल से बुझेगी ग्रामीणों की प्यास



**मथुरा:** भूगर्भ जल स्तर नीचे जाने और खारे पानी की समस्या से जूझ रहे गांव के लोगों को अब मीठा पानी मिलने के आसार दिखाई देने लगे हैं यदि समय रहते योजना परवान चढ़ी तो जनपद का कोई भी गांव और कोई भी घर गंगाजल से अछूता नहीं रहेगा सरकार द्वारा सतही आधारित पेयजल योजना के तहत लगभग 19 सौ करोड़ रुपए कि अधिक लागत से योजना पर जल्दी काम शुरू हो जाएगा
जल निगम के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए गंगाजल की सप्लाई शुरू कराई जाएगी बुलंदशहर से पाइप लाइन द्वारा गंगाजल लाकर नौहझील में एसटीपी प्लांट और डब्ल्यूटीपी प्लांट से जनपद के सभी ग्रामीण क्षेत्रों की पाइप लाइन द्वारा गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा पंकज कुमार के अनुसार करीब ?19 सौ करोड़ से अधिक की लागत की यह योजना करीब 2 वर्ष में पूर्ण हो जाएगी जिसमें जनपद के किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं रहेगी
**शहर को नहीं मिल पा रही 25 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई:** जनपद मुख्यालय पर पेयजल की किल्लत को देखते हुए गंगाजल की सप्लाई जिसमें 25 एमएलडी गंगाजल पाइपलाइन द्वारा सप्लाई की जा रही है लेकिन उसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित नहीं है जिसमें शहर के लोगों में आक्रोश पनप रहा है दिन मंगलवार को आक्रोशित लोगों ने जल निगम कार्यालय पर हंगामा काटा लोगों का कहना था कि 2 दिन से गंगा जल सप्लाई पूर्णतः ठप है गर्मी का मौसम होने के कारण पेयजल की सप्लाई ठप होना और जल निगम के लंबे वादे कैसे लोगों का गला तर कर पाएंगे

## 1 अप्रैल से छावनी में तैराकी व जिमनास्टिक के ट्रायल होंगे शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**खिलाड़ियों** को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए अंबाला को तैराकी के साथ-साथ जिम्नास्टिक व वेटलिफ्टिंग की भी रेजिडेंशियल अकादमी की सौगात मिल गई है। इन तीनों अकादमियों के लिए 1 व 6 अप्रैल को ट्रायल होने जा रहे हैं। पहला ट्रायल 1 अप्रैल को तैराकी व जिम्नास्टिक का छावनी के वारहीरोज स्टेडियम में होगा। जबकि वेटलिफ्टिंग का यमुनानगर के तेजली स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 6 अप्रैल को होगा। प्रदेशभर से आने वाले खिलाड़ियों में से 50 को करेंगे चयनित अबकि बार खेल विभाग अकादमी के खिलाड़ियों की संख्या को बढ़ाने का भी मन बना रहा है। यहीं कारण है कि अबकि बार 25 की जगह ट्रायल के दौरान 50 खिलाड़ियों का चयन करेंगे। ऐसा इसलिए हो रहा है कि अक्सर ट्रायल क्लीयर करने के बाद कुछ खिलाड़ी रूटीन में नहीं आ सकते हैं तो कुछ किन्ही कारणों से बीच में चले जाते हैं।

## ग्राउंड जीरो पर गिरदावरी करवाकर जल्द दें मुआवजा'

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
बीते दिनों हुई बेमौसमी बरसात ने किसानों की 6 माह की मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानों की फसल खराब हो गयी है। किसान जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। आज भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान मलकीत सिंह की अगुवाई में कई किसान एसडीएम अंबाला छावनी से मिलने पहुंचे। किसानों ने इस दौरान ग्राउंड जीरो पर जाकर गिरदावरी करवाकर मुआवजे की मांग रखी । एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया की ग्राउंड जीरो पर जाकर गिरदावरी करवाई जाएगी, जिससे किसानों को उनकी खराब हुई फसल का उचित मुआवजा मिल सके। बता दें कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने

**8 किसानों की पहले पिछले साल बारिश ने फसल को खराब कर दिया था तो उसके बाद धान की फसल में आयी बीमारी ने किसानो की मेहनत पर पानी फेर दिया**

अधिकारियों को आदेश जारी कर हर रोज 11 से 1 बजे तक अपने दफ्तर में जनता की समस्या सुनने के आदेश दिये है। उसका असर अब सभी सरकारी विभागों देखने को मिलने लगा है। इसी कड़ी में भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला प्रधान मलकीत सिंह किसान अम्बाला कैंट एसडीएम सतिंदर सिवाच से मिलने पहुंचे थे और किसानो की समस्या उनके सामने रखी। बता दें कि बे मौसमी बारिश ने किसानों की गेहूं व सरसों की को बर्बाद कर दिया। तेज हवा व बारिश से किसानों की गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई और पूरी तरह से खराब होने की कगार पर है। कुदरत के इस कहर से किसान सदमे में है। बता दें कि अबकी बार गेहूं व सरसों की फसल की बम्पर पैदावार हुई थी और किसान काफी खुश नजर आ रहे थे। किसानो की खुशी उस वक्त गम में बदल गई जब अचानक ही मौसम ने करवट बदली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। प्रदेश में कई जगह तो ओले भी पड़े। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों की पहले पिछले साल बारिश ने फसल को खराब कर दिया था तो उसके बाद धान की फसल में आयी बीमारी ने किसानो की मेहनत पर पानी फेर दिया और अब बारिश ने एक बार फिर से किसानो की फसलों को खराब कर दिया।

# रेल यात्रियों को कांग्रेस के संकल्प पत्र से करवाया अवगत

**टीम एक्शखन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत विधानसभा के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का बुधवार को रेलवे स्टेशन सोनीपत पर शुरूआत की गई। इस दौरान दैनिक रेल यात्रियों को कांग्रेस पार्टी के 14 संकल्पों से अवगत करवाया गया। इस दौरान सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत विशेष रूप से मौजूद रहे। दैनिक रेल यात्रियों से मिले सहयोग व आशीर्वाद के लिए विधायक सुरेंद्र पंवार ने सभी रेल यात्रियों का हार्दिक आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने दैनिक रेल यात्रियों को कांग्रेस पार्टी के 14 संकल्पों के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष चौ.



भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी। जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट पुनः दिए जाएंगे, इसमें दो-दो कमरे व पानी व बिजली का कनैक्शन भी मुहैया करवाया जाएगा। हिमाचल व छतीसगढ की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। जिन लोगों के बीपीएल कार्ड व पेंशन को सरकार द्वारा काटा गया है उन्हें पुनः बहाल किया जाएगा। परिवार पहचान पत्र व प्रापर्टी आईडी को समाप्त किया जाएगा। 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। गैस सिलैंडरों की कीमत 500 रुपये तक कम करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। एससी, बीसी का बैकलॉग पूरा किया जाएगा। बैक्वर्ड क्लास की क्रीमी लेयर 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जाएगी। कांग्रेस राज के समय बनाई गई पुनानी खेल नीति को दोबारा बहाल किया जाएगा। ठप्प पड़े विकास कार्यों को पुनः बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलयात्रियों की आवाज प्रमुखता के साथ उठा रहा हूं, केंद्रीय मंत्री व जीएम से भी रेलयात्रियों की मांगे पूरी करने की मांग की है, भविष्य में भी रेलयात्रियों की प्रत्येक समस्या का समाधान करने के लिए हमेशा रेलयात्रियों के साथ खड़ा हूं। इस दौरान कार्डिनेटर सुरेश योगी, प्रेम अत्री, पूर्व प्रधान गौड़ संस्था, भलेराम जांगड़ा, कमल हसीजा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू राजेश दहिया, जसपाल आंतिल, मनीष सैनी, पवन प्रधान, सरदार इंद्रपाल, रवि कपूर, प्रेम रेलन, रेखा राणा, कृष्णा प्रजापत, संजय, डॉ राकेश, बिन्नी भारद्वाज, प्रिंस सरोहा, रणदीप खोखर, हरिप्रकाश मंडल, धर्मपाल दोचक, महावीर, राजेन्द्र, महेंद्र, बंसीलाल कुंडू, जितेंद्र वर्मा, संदीप सूद, अमित निगम सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़: हत्या के आरोप में वांछित इनामी अपराधी घायल, गिरफ्तार

**8 17 मार्च को देर शाम बाइक सवार बदमाशों ने सोदा लेने के बहाने लखन चौधरी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**थाना** हाईवे क्षेत्र में 12 दिन पूर्व एक ढाबा संचालक की नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इस घटना में चारों व्यक्तियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया घटना का मुख्य आरोपी खराब चल रहा था जिसे देर रात मुठभेड़ मैं घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती



कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी लखन चौधरी का ढाबा है । जहां 17 मार्च को देर शाम बाइक सवार बदमाशों ने सोदा लेने के बहाने लखन चौधरी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच के दौरान नामजद भी गलत पाए जाने पर पुलिस ने जांच का रुख बदल दीया तमाम साक्ष्यों और गोपनीय सूचना के आधार पर मृतक के भाई और घटना के आरोपी सुरेंद्र पुत्र रामवीर से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए अपने तीन सहयोगियों को गिरफ्तार करा दिया।

# केवल पार्क: नवरात्रों में महायज्ञ और कथा का आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित रामलीला मैदान में नवरात्रों के उपलक्ष्य में नवकुंडीय होमत्मक चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। समाजसेवी हरीश भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 8 से 12 बजें तक यज्ञ का आयोजन किया गया और शाम को राम कथा का आयोजन किया। यह राम कथा 25 मार्च से 27 मार्च तक हुई। इसमें वृंदावन धाम से वैदेही कथा वाचक ने भक्तों को राम कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि सभी को ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। कथा वाचक ने आगे बताया कि सभी को सत्य का साथ देना चाहिए, जिस प्रकार से प्रभु श्रीराम ने सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए किये, वैसे ही हमें भी सभी कार्य मर्यादा में करने चाहिए।
कार्यक्रम का आयोजन शशि रानी एवं अनिल अग्रवाल टिम्बर वाले ने किया। इस कार्यक्रम में यज्ञचारी राजबीर शास्त्री रहे। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रसिद्व समाजसेवी हरीश भारद्वाज रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, गिरीराज मंडल के प्रधान मौजूद रहे।
इस अवसर पर हरीश भारद्वाज ने बताया कि यह यज्ञ वातावरण शुद्धिकरण के लिए किया गया। इस मौके पर प्रवीन गर्ग, अनिल महंत, राकेश गर्ग, उज्जवल, बलबीर गुप्ता, महावीर गुप्ता, विनोद तायल, जयनारायण गर्ग, सुनील अग्रवाल सहित क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ के लोग मौजूद रहे।





## भाजपा के कार्यों से खुश हैं देश के लोग: गोविन्द शर्मा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग के प्रसिद्व समाजसेवी व भाजपा नेता गोविन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप देश में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल भाजपा को ही जाता है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा हैं। उन्होंने आगे बताया कि आज शहर सहित गांव के लोग भी भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है और भाजपा के कार्यों को सराह रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

## सभी को करनी चाहिए प्रभु श्रीराम की भक्ति: सुरभि जाजू




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार गांव में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके भाजपा नेत्री व पूर्व निगम प्रत्याशी सुरभि जाजू, अमित जाजू, तरूण जैन, रितेश कुमार उपाध्याय, कुनाल, सोनू, रोहित, आयुषि, मिस्टर बत्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व निगम प्रत्याशी सुरभि जाजू ने कहा कि प्रभु श्रीराम सभी की सुनते है बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर अवश्य ही चले। उन्होंने आगे बताया कि आज शालीमार गांव में रामनवमी के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-विचार व्यक्त किये।

## जागरूक समाज से ही होगा देश का विकास: एस.के. मुद्गल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के प्रधान एसके मुदगल ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोग विकास की ओर अग्रसर हो सके। श्री मुद्गल ने आगे बताया कि अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के द्वारा समाज को संगठित करने का कार्य तो किया ही जा रहा है, साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सभा के द्वारा मेधावी बच्चों को समय-समय पर सम्मानित किया जाता है, इसके अलावा होली मंगल मिलन कार्यक्रम, दिवाली मंगल मिलन कार्यक्रम, स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन सहित कई प्रकार के कार्यक्रम किये जाते है। उन्होंने कहा कि संगठन में शक्ति होती है, इसलिए सभी को संगठित होकर रहना चाहिए।



दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-66 में स्वच्छ वार्ड सुंदर वार्ड सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त वार्ड अभियान चलाया गया। इस दौरान निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री बालाजी बाबोसा मंदिर में पावन नवरात्रि उत्सव की रही धूम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पावन** चैत्र नवरात्रि उत्सव पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। बाबोसा सिटी सेक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली स्थित श्री बालाजी बाबोसा मंदिर में प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में परम आराधिका मंजू बाईसा के पावन कर कमलों से अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई है। पावन पंचमी पूजन हजारों भक्तों की उपस्थिति में धूमधाम से संपन्न हुई। परम श्रद्धेय प्रकाश भाईजी के सानिध्य में महाआरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में निगम पार्षद जय भगवान मास्टर, पूर्व चेयरमैन देवेन्द्र सोलंकी, सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्याम अग्रवाल के अतिरिक्त कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में भजनों का जोशीला कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंदिर के प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मार्च को पावन नवमी पूजन के पश्चात परम आराधिका मंजू बाईसा अपने पावन कर कमलों से श्री बाबोसा भगवान का विशेष अटूट खजाना प्रदान करेंगी। भक्तों का विश्वास है कि इस खजाने को अपने धन स्थान में रखने से निरंतर मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है एवं आर्थिक लाभ होता है। यह खजाना निःशुल्क वितरित किया जाता है, जिसे प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से भक्तों का आगमन होता है।



केंद्र सरकार की तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में लाल किला से टाउन हॉल चांदनी चौक तक आयोजित लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च में हिस्सा लेते हुए पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल, पूर्व विधायक कंवर करन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सहगल, विजय मेहता व अन्य।

## रक्तदान होता है महादान, इसलिए सभी करें रक्तदान: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग के समाजसेवी प्रद्युमन सिंह ने कहा कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करे। जिससे की लोग अधिक से अधिक रक्तदान करें। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान करें। उन्होंने संस्थाओं, आरडब्ल्यूए व धार्मिक संगठनों से भी अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने संगठन के माध्यम से अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक रक्तदान शिविर का आयोजन करें।

## दिल्ली सरकार गरीब और दलित विरोधी है: चौधरी अनिल कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा विधानसभा में बिना आवश्यकता के विश्वास प्रस्ताव पारित करना साबित करने की कार्यवाही दिल्लीवाले को भ्रमित करके अपनी वाहवाही लूटने के सिवाय कुछ नही था, शायद उन्हें अपने विधायकों पर ही विश्वास नही है। सदन में 16 मिनट का भाषण देकर अरविन्द केजरीवाल ने अपनी पीठ थपथपाने के अलावा कुछ नहीं किया जबकि दिल्लीवासियों के लिए जरुरी जल संकट, बदहाल शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, भ्रष्टाचार तथा प्रदूषण को खत्म करने के लिए चर्चा की जा सकती थी। अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 8 वर्षों में अपने किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है। दिल्ली में नल से जल देने के वायदों को केजरीवाल सरकार आज तक पूरा नही कर पाई है, जबकि सम्पूर्ण सप्लाई का वादा किया था परंतु दिल्ली पानी के लिए तरस रही है। बिजली सब्सिडी और मौहल्ला क्लीनिक के वायदा करके दिल्ली वालों गुमराह किया है।
जहां बिजली सब्सिडी उपभोक्ताओं की जगह बिजली कम्पनियों को दी जा रही वहीं 2-4 मौहल्ला क्लीनिकों के अलावा बाकि सभी गंदगी और जानवरों के रैन बसेरे बने हुए हैं।

## पहले सरकारों को सिखों के 'हथियारों' से डर लगता था, पर अब 'विचारों' से डर लगता है: जीके

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पंजाब** के सिख पत्रकारों, डिजिटल मीडिया चैनलों, सिख चिंतकों, सामजिक कार्यकताओं, सियासी कमेंटेटरों तथा कई सिखों के सोशल मीडिया खातों पर पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध सरकार द्वारा थोपने पर जागो पार्टी ने चिंता जताई है।
जागो पार्टी के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने आज मीडिया से बातचीत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, फेसबुक तथा यू ट्यूब की इस कार्रवाई को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रहार बताया है।

## गरीबों व असहायों की सभी को करनी चाहिए मदद: विशाल पाण्डेय



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
गरीब व असहायों की सेवा करना एक पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व वंचितों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके।
उन्होंने आगे कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों की मदद करें।
उन्होंने बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता ही रहता है, वह एक दिन अवश्य ही कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# डॉ. करण ने मानव रचना सेंटर फॉर पीस एंड सस्टेनेबिलिटी के एडवाइजरी बोर्ड की चौथी बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। मानव रचना यूनिवर्सिटी ने हाल ही में मानव रचना परिसर में मानव रचना सेंटर फॉर पीस एंड सस्टेनेबिलिटी (रूक्रष्टक्क्रस्) के लिए अपनी चौथी एडवाइजरी बोर्ड बैठक आयोजित की। एडवाइजरी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. करण सिंह जी ने बैठक की अध्यक्षता की। मीटिंग में डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, मानव रचना शिक्षण संस्थान; डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक, एमआरईआई; डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआईआईआरएस; डॉ. आई.के. भट, वीसी, एमआरयू; डॉ. मार्कंडेय राय, वरिष्ठ सलाहकार, यूएन हैबिटेट; लेफ्टिनेंट जनरल आनंद, डीजी, एमआरआईआईआरएस; भारत



सोका गक्कई (बीएसजी) के अध्यक्ष और निदेशक मंडल श्री विशेष गुप्ता; डॉ. मुजफ्फर अहमद, पूर्व सदस्य एनडीएमए; लेफ्टिनेंट जनरल एस.पी. कोचर, सेवानिवृत्त सिग्नल ऑफिसर इन चीफ-इंडियन आर्मी; डॉ. कामेश्वर सिंह, रजिस्ट्रार, एमआरयू; और परिसर से अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

एमआरसीपीएस कई अनूठे कार्यक्रमों के माध्यम से शांतिपूर्ण नए भारत का निर्माण करने के लिए युवाओं को विकसित करके शांति और स्थिरता के बारे में जागरूकता और ज्ञान फैलाने में गर्व महसूस करता है। डॉ. करण सिंह और अन्य प्रसिद्ध बोर्ड सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में, और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में मानव रचना विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा के साथ बैठक आगे बढ़ी। डॉ प्रशांत भल्ला ने साझा किया कि शिक्षा परिवर्तन के उद्देश्य का नेतृत्व करती है और इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मानव रचना ऐसे केंद्रों का निर्माण कर रही है जो पर्यावरण में स्थिरता को समझते हैं। डॉ करण सिंह जी ने 3 बिंदुओं पर जोर दिया: मजबूत अंतर-विश्वास, जलवायु परिवर्तन के लिए पर्यावरण आंदोलन और समाज की बेहतरी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग और एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना जहां शांति बनी रहे। केंद्र का उद्देश्य बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण, मूल्य निर्माण, दृष्टिकोण निर्माण, अनुसंधान, नीति निर्माण, सहयोग और नेटवर्किंग पर केंद्रित है।उपस्थित सभी सदस्यों ने इस विषय पर विचार-विमर्श किया और शांति और स्थिरता प्राप्त करने के लिए कमियों को दूर करने के उपाय सुझाए। पहल, ईएसडीपी (सस्टेनेबल प्रोग्राम के लिए शिक्षा), कुछ कहना है, एएनजी जैसी परियोजनाओं पर चर्चा की गई। पद्म विभूषण डॉ. करण सिंह ने मानव रचना के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ एक रोमांचक बातचीत भी की। उन्होंने स्वस्थ शरीर, मन और आध्यात्मिक केंद्रों के महत्व को समझाया। उन्होंने अपने दिमाग और शरीर को सही तरीके से इलाज करने के अनुष्ठान पर जोर दिया तथा यह बताया कि कैसे सरल तरीकों से एक स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व किया जा सकता है।

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्यूआरजी अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी चौधरी, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ डॉ. अलका चौधरी और मनोविशेषज्ञ डॉ. रिया राघव शामिल रहीं, ने शिविरों का दौरा किया और शिविर



का संचालन किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने की माता के जागरण में शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। नवरात्रि के पावन अवसर पर शहरभर में जगह जगह माता की चौकी ओर जागरण का आयोजन किया जा रहा है ओर नवरात्रो को धूम धाम से लोग मना रहे है। इसी कड़ी में कल रात राम नगर नजदीक बाटा फ्लाईओवर के पास स्थित सेक्टर 20बी में नवरात्रि के उपलक्ष्य में माता के जागरण का आयोजन नगर निगम फ?ीदाबाद से पूर्व पार्षद रहे धर्मपाल द्वारा किया गया था, जिसमें माता के जागरण के अलावा विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियों का कार्यक्रम भी था । उपरोक्त कार्यक्रम में पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जिस पर सभी राम नगर वासियों ओर पूर्व पार्षद धर्मपाल व उनकी बेटी निवर्तमान पार्षद सुमन भारती ने पूर्व मंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में पहुंचकर सबसे पहले माता के चरणों में माथा टेक आशीर्वाद लिया ओर कहा की माता रानी हमेशा प्रदेश व फरीदाबाद के हर परिवार को खुशियाँ प्रदान कर अपना आशीर्वाद हमेशा क्षेत्र की जनता पर बनाये रखे। इस मोके पर अन्य सेकड़ो लोग राम नगर नगर से उपस्थित थे।

### उत्पाद की परख देखने, सूंघने या टटोलने से नहीं बल्कि सर्टिफिकेशन से करें: सौरभ तिवारी, बीआईएस प्रमुख

**पंचकुला**: एक ग्राहक को बाजार में खरीदारी के दौरान प्राप्त अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग होना चाहिये। अपने उपभोक्ता अधिकारों से अंजान ग्राहक जालसाजी का शिकार हो सकता है



जिससे बचा जा सकता है। यह बात ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) में हरियाणा शाखा के प्रमुख सौरभ तिवारी ने मंगलवार को बीआईएस द्वारा कंज्यूमर एसोसिएशन, पंचकूला (सीएपी) द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। सेक्टर 10 स्थित हरियाणा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों ने भाग लेकर अपने उपभोक्ता अधिकारों से परिचित हुये। सौरभ तिवारी ने इस बात पर जोर दिया कि पैसे खर्च करने पर प्रत्येक ग्राहक बेहतर क्वालिटी का उत्पाद या सेवा प्राप्त करे जिसके लिये सरकारी विनियम भी उनका समर्थन करते हैं। उन्होंनें बल दिया कि किसी वस्तु की परख मात्र देखने, सूंघने या टटोलने से ही नही होती बल्कि उस पर प्रामाणिकता की छाप से करनी चाहिये। इसलिये किसी भी उत्पाद या सेवा का लाभ उठाने से पहले सर्टिफिकेशन अवश्य जांच ले। उन्होंनें लोगों को बीआईएस की गतिविधियों और उद्देश्यों से अवगत करवाया। उन्होंने प्रतिभागियों को बीआईएस केयर एप के बारे में भी बताया, जिसके तहत ग्राहक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं इस अवसर पर उपायुक्त महावीर कौशिक की अनुपस्थिति में प्रशासन का प्रतिनिधित्व कर रही एसडीएम ममता शर्मा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुये कहा कि ऐसे प्लेटफार्म ग्राहकों को जागरुक करने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं जिसके लिये प्रशासन सदैव अपना समर्थन देती रहेगी। इस अवसर पर आमंत्रित मुख्यातिथि सिटिजंस अवैरनेस ग्रुप से चेयरमेन सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि आदमी अपनी जरुरतों के अनुरुप जन्म से मृत्य तक का पूरा सफर ग्राहक के रुप में व्यतीत करता है इसलिये यह आवश्यक हो जाता है हर खरीद फरोख्त पर ग्राहक अपने अधिकारों के प्रति भली भांति अवगत हो। वर्मा ने शहरों के साथ साथ उपभोक्ता जागरुकता अभियान का विस्तार गांवों तक फैलना का भी आहवान किया। उन्होंनें कहा यदि मैडियेशन सेंटरों पर ही ग्राहकों की शिकायतों के समाधान दे दिये जाये अदालतों पर बढ़ते बोझ को कम किया जा सकता है। उपभोक्ता सरकार द्वारा उपलब्ध शिकायत संबंधी हेल्पलाइन का लाभ उठायें। कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एसके कौशल, सीएपी के मुख्य संरक्षक एसके जैन तथा अध्यक्ष एनसी राणा व सचिव वीके शर्मा, शिक्षाविद् शैलेश शर्मा और राकेश शर्मा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष पंकज कपूर, समाजसेवी मनीषा चौधरी और सीपी तंवर, सीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार आदि ने भी अपने संबंधित विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

### राज्यों के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के शिक्षक

**पानपीत**: एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नये रुझान विषय पर चलने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आगाज मुख्य अतिथि प्रो.अनिल वोहरा डीन आफ कॉलेज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने किया। कीनॉट संबोधन प्रख्यात भौतिकी प्रोफेसर इमेरीटस डॉ.सुमन बाला बेरी भौतिकी विभाग पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा दिया गया। आईआईएचएस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता गेस्ट आफ ऑनर प्रो.संजीव अग्रवाल भौतिकी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र एवं डॉ.सुमन भौतिकी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने की।

# जीवा पब्लिक स्कूल में रामनवमी का उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। फरीदाबाद सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में आज प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के दौरान रामनवमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीवा पब्लिक स्कूल की यह विशेषता है कि यहाँ प्रत्येक त्योहार पारंपरिक तरीके से मनाया जाता हैं और इसके लिए विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया जाता हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से त्योहार की सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ बच्चों दी जाती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति एवं सभ्यता से अवगत कराना है। आज की प्रार्थना सभा भी बहुत विशेष



रही आज कार्यक्रम में श्री रामचन्द्र जी के जीवन एवं उनके आदर्श गुणों का वर्णन किया गया। विद्यालय में प्रतिदिन दिन की शुरूआत एक सुविचार से की जाती है इसलिए सर्वप्रथम छात्रों ने सुविचार प्रकट किएए तदुपरांत छात्रों ने रामचरितमानस की चौपाई प्रस्तुत कीए एक लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों ने श्री रामचन्द्र के जीवन की विशेषता को भी प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भी सुंदर राम भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र उपस्थित रहेए सबने एक साथ मिलकर रामचन्द्र के सिद्धांतों को जानाए प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कियाए भजन व चौपाई की प्रस्तुति के साथ विद्यालय का प्रांगण भक्ति भाव से भर उठा। किंडरगार्टन के नन्हे मुन्ने छात्रों ने भी श्री राम का जय जयकार किया। आज के कार्यक्रम में आठवीं कक्षा की दो छात्राओं हरलीन कौर और कुंजल गुलाटी के माताएं श्रीमती हरिंदर कौर और श्रीमती अंजू गुलाटी भी शामिल हुई । इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने सभी को शुभकामनाएं एवं शुभ संदेश दिएए इसके साथ.साथ विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एवं एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं । प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा शर्मा ने भी सभी को रामनवमी पर हार्दिक बधाई दी।

# जनहित में मानव सेवा समिति के सेवा कार्य सराहनीयः मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज बुधवार को मानव भवन सेक्टर-10 में मानव कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के प्रथम बैच के 14 सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करके सर्टिफिकेट प्रदान किए। वहीं इस अवसर पर मूलचंद शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में मदद करना, उनको टेक्निकल ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार दिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा समिति यह पुण्य कार्य पिछले 24 साल से कर रही है। मानव सेवा समिति



एक मिशन है, समाज सेवा का माध्यम है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मेरा पूरा सहयोग और समर्थन सदैव समिति के साथ है और आगे भी रहेगा और सभी दानी सज्जनों को भी समिति की हर संभव मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए शैलेंद्र गर्ग, रोशनलाल बोरड, कम्प्यूटर टीचर एकता ने भी समिति के उद्देश्य व कार्यों की प्रशंसा करते हुए समिति को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने उठाई कलश

**समालखा**: मॉडल टाउन स्थित रघुनाथ मंदिर के नए भवन परिसर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई दिन मूर्ति पूजा वह हर रोज श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन किया गया। वहीं बुधवार को रघुनाथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर कलश उठाई। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर जींद के विधायक कृष्ण मिड्ढा पहुंचे। जिनका आयोजको द्वारा स्वागत किया गया। विधायक कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि समालखा क्षेत्र उनका अपना घर है जहां पर उनका उनके परिवार का आना जाना लगा रहता है। उन्होंने कहा कि रघुनाथ मंदिर से उनका बचपन से नाता जुड़ा हुआ है।

# खेत स्वास्थ्य खेत अभियान के तहत की जा रही है मिट्टी एवं पानी के नमूनों की जांच



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग फरीदाबाद द्वारा हर खेत स्वास्थ्य खेत अभियान के तहत मिट्टी एवं पानी के नमूनों की जांच की जा रही है। सोयल टेस्ट अधिकारी सीमा चौधरी ने बताया कि वर्ष 2021 में माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा हर खेत-स्वस्थ खेत अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य हरियाणा राज्य के प्रत्येक गांव की प्रत्येक एकड़ कृषि योग्य भूमि के मृदा नमूने एकत्रित करने उपरान्त विश्लेषण करके उर्वरा शक्ति का आकलन करने उपरांत किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड के माध्यम से जरूरत के अनुसार उर्वरक डालने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिससे कृषि की लागत कम होगी तथा किसानों की आय बढेगी। इस अभियान में किसानों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए मृदा नमूनों का एकत्रण गांवों में से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, फरीदाबाद द्वारा चुने हुए किसान सहायकों द्वारा किया जा रहा है। किसान सहायक को 30/-रुपये प्रति मृदा नमूना एकत्र करने का मानदेय दिया जा रहा हैं। इस अभियान के अंतर्गत जिला फरीदाबाद में किसान सहायकों को अब तक मानदेय 1,224,870 रुपए की राशि भूमि परीक्षण कार्यालय, बल्लभगढ़ द्वारा उनके खातों में भेजी जा चुकी है। किसानों को अपना मिट्टी का नमूना जांच करवाने के लिए दूर ना जाना पड़े इसके लिए जिला फरीदाबाद में पिछले 2 वर्षों में भूमि परीक्षण प्रयोगशालाओं का जाल और अधिक सुदृढ किया गया है। अब जिला फरीदाबाद में 1 बड़ी भूमि परीक्षण प्रयोगशाला, बल्लभगढ़ तथा 2 लघु भूमि परीक्षण प्रयोगशाला (मोहना व बल्लभगढ़ नई अनाज मंडी) है जिसमें किसान मिट्टी के नमूनों की जांच करवा सकता है।

# किसानों से मिले आप के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने बुधवार को फतेहाबाद जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान वे रतिया में गांव लधुवास में किसानों से मिले। उन्होंने खेतों में जाकर खराब फसलों का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा की सीएम खट्टर उड़न खटोले में बैठकर खराब फसलों का जायजा लेकर महज खानापूर्ति कर रहे हैं।उन्हें उड़न खटोले को छोड़ कर किसानों के बीच पहुंचकर किसानों का दर्द समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच प्रशासन का



कोई भी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा की प्रशासनिक अधिकारी ई-फसल पोर्टल पर किसानों को खराबे की जानकारी अपलोड करने को बोल रहे हैं, लेकिन ई-फसल पोर्टल पर सूचना अपलोड नहीं हो रही है। वहीं प्रशासन का कोई भी प्रतिनिधि किसानों के बीच नहीं पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। खड़ी फसल गिरने से दाना भी कमजोर हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने महज एक सप्ताह में स्पेशल गिरदावरी करवाकर केवल 10 दिन में मुआवजा राशि जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा की किसानों के नुकसान को देखते हुए खट्टर सरकार तुरंत 10 हजार की मुआवजा राशि सभी प्रभावित किसानों को तुरंत प्रभाव से जारी करे। ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। इस मौके पर प्रवीण प्रभाकर गौड़, विनोद हड़ियावास, कुलवंत सिंह, रिंकू फरड, ब्रज बावल, लक्ष्मण, मुंशी राम, आत्माराम, महेंद्र गढ़वाल और हरपाल सिंह मौजूद रहे।

# विवि स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में गत 23 मार्च 2023 से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सातवें में अंतिम दिन भी स्वयंसेवकों ने शिविर की शुरूआत योग से की। शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी की प्रेरणा से शिविर की थीम भारतीय युवा : चरित्र, व्यक्तित्व, एवं स्वावलंबन को सत्य व सार्थक बनाने के लिए सभी गतिविधियां कराई गईं। आज शिविर में खेलकूद की 800 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ व शॉट पुट की



स्पधाओं का आयोजन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ0 जगबीर सिंह व श्री मोहित हुड्डा द्वारा कराया गया जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपना दम दिखाया। समापन व पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार गुप्ता (मुख्य प्रबंध निदेशक, गोल्डन ग्रुप ऑफ कंपनीज, जनहितैषी, प्रेरक वक्ता व व्यवसाय गुरु) ने अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम गुरुओं को नमन किया क्योंकि गुरु ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाते हैं, और स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे कभी महिलाओं के खिलाफ अत्याचार नहीं होने दें। उन्होंने विभिन्न बीमारियों जैसे कैंसर, अपंगता और कई बड़ी बीमारियों के निःशुल्क इलाज के लिए सभी को आश्वासन दिया। महाविद्यालय उपप्राचार्या श्रीमति कमल टंडन जी ने स्टेट एनएसएस कार्यालय व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक का शिविर की जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया, उन्होंने कहा शिविर का लक्ष्य स्वयंसेवकों में दूसरों की मदद का जज्बा व सकारात्मकता जगाना है। शिविर के समापन समारोह के सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ0 महावीर गुड्डू जी ने बताया कैसे सुविधाओं के अभाव का सामना करते हुए अमेरिका से पी.एच.डी हासिल की और राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीत गाए इससे पता चलता है कि कभी सुविधाओं का अभाव किसी को लक्ष्य प्राप्त करने में बाधा नहीं बन सकता। उन्होंने 1857 के क्रांतिकारी, बल्लबगढ़ के राजा नाहर सिंह जिनको दिल्ली चांदनी चौक पर फांसी दी थी, कि वीर गाथा गीत के माध्यम से सुनाई। चेयरपर्सन के रूप में प्रोफेसर डॉ0 राज कुमार (डीन छात्र कल्याण व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) ने अपने वक्तव्य में कहा की हमें अपनी आंतरिक शक्ति को जानना होगा।

# पीएमएफएमई योजना स्वरोजगार में हो रही मददगार साबित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोडने.में मददगार साबित होती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत उद्यमियों को तकनीकी ज्ञान, कौशल प्रशिक्षण और हैंड होल्डिंग सहायता सेवाओं के माध्यम से क्षमताओं का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के उद्यमियों को ऋण प्रदान कराया जा रहा है,



जिससे वो अपनी तकनीकी व्यवस्था को सुधार सके। डीसी विक्रम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास जैसी कई ऐसी योजनाएं है जिनके जरिए नागरिकों को तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें एक पीएमएफएमई योजना भी है। इस पीएमएफएमई योजना के तहत व्यक्तिगत तौर पर पुरूष व महिला, किसान उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह व सहकारी समिति ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकार की ओर से सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ रुपए तक का ऋण दिया जाता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 30 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'कुशीनगर की चीनी मिलों में बनेगा एथेनॉल'

**कुशीनगर में 451 करोड़ रुपये की 106 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण, सीएम योगी बोले, पहले चंद लोगों की जेब में चला जाता था विकास का पैसा**

**टीम एक्शन इंडिया/कुशीनगर**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कुशीनगर की चीनी मिलों में एथेनॉल का उत्पादन किया जायेगा। यहां की चीनी को विदेशों में भी भेजने की व्यवस्था बनाई जायेगी। जिससे यहां के युवाओं व किसानों को फायदा होगा।
मुख्यमंत्री बुधवार को कुशीनगर के खड्डा में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशीनगर जिले के समग्र विकास को लेकर अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई गई हैं। जनपद को रोजगार के संसाधन दिए जाएंगे। जिससे युवा बाहर के जाने के बजाए अपने ही जिले में रोजगार पा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में निवेश लाना चुनौतीपूर्ण था। कानून व्यवस्था बदहाल थी, कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी देश में 14वें पायदान पर था, पर आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों व उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33.50 लाख करोड़ रुपये के मिले निवेश प्रस्ताव इसके प्रमाण हैं। यह इस बात का भी द्योतक है कि आज उत्तर प्रदेश सही ट्रैक पर आगे बढ़ रहा है और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने 450 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया।






## सुख, समृद्धि व शांति में विश्वास करते हैं प्रदेश के नागरिक : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/कुशीनगर**
**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नागरिक सुख, समृद्धि व शांति में विश्वास करते हैं। उपद्रव में नहीं, उत्सव में विश्वास करते हैं। माफिया नहीं महोत्सव में विश्वास करते हैं। प्रदेश के लोगों में बड़ा सामर्थ्य है। सरकार इस सामर्थ्य को समृद्धि से जोड़ने में लगी है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को कुशीनगर जिले के खड्डा स्थित गांधी किसान इंटर कॉलेज में आयोजित शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे रहे थे। जनपद को सौगात देते हुए उन्होंने 451 करोड़ रुपये की लागत वाली 106 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां पहले विकास का पैसा चंद लोगों की जेब में चला जाता था।

## पेट्रोल-डीजल के लिए अन्नदाता पर निर्भरता: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कुशीनगर में बायोफ्यूल व एथेनॉल उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। चीनी मिलें ठीक से कार्य करें तो यहां प्रचुर मात्रा में एथेनॉल का उत्पादन होगा। पेट्रोल व डीजल के लिए अरब देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। पेट्रोल व डीजल पर भारत 16 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। हम दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहेंगे। हमारी निर्भरता सिर्फ अन्नदाता किसानों पर होगी।

**भारत के पैसे से अन्नदाता समृद्ध होंगे:** योगी ने कहा कि एथेनाल का पैसा सीधे किसानों के खातों में पहुंचेगा। भारत के पैसे से दुनिया समृद्ध नहीं, बल्कि देश का अन्नदाता समृद्ध होगा। उन्होंने बताया कि एक उद्यमी यहां पर एथेनॉल प्लांट लगाने जा रहे हैं। निवेश के अनुरूप फट्रेंड मैनपावर मिले, इसके लिए हमें आईटीआई, डिग्री कॉलेजों, विश्वविद्यालयों से औद्योगिक संस्थानों को जोड़ने की जरूरत है। युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के लिए आधा मानदेय उद्योग देंगे तो आधा मानदेय पीएम-सीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सरकार देगी।

**विपत्ति में नागरिकों के साथ खड़ी रही सरकार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज गरीबों, वंचितों को न्याय व शासन की सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। कोरोना संकट में भी भारत अपने नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ा था। गांव-गांव में भाजपा कार्यकर्ता अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सुरक्षा व उनकी सभी सुविधा के लिए अलख जगा रहे थे।

## न्यूज फ्लैश

### सीएम आवास के पास हंगामा, तीन काबू

**कोलकाता:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैसे ही बुधवार दोपहर के समय कालीघाट स्थित अपने घर से केंद्र के खिलाफ धरना देने के लिए निकलीं, उनके आवास के पास कुछ लोगों का जमघट लग गया और हंगामा शुरू हो गया। इसे लेकर सुरक्षा में तैनात पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि जैसे ही मुख्यमंत्री धरना देने के लिए घर से निकलीं, उसके बाद सीएम आवास के पास कुछ लोग एकत्रित होने लगे। जब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछा कि क्या बात है तो उन लोगों ने बताया कि उनकी कई मांगे हैं जो मुख्यमंत्री के सामने रखना चाहते हैं। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन वे विरोध प्रदर्शन शुरू करने की फिराक में लग गए थे जिसके बाद तीन लोगों को पकड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार से ममता बनर्जी केंद्र के खिलाफ दो दिनों के धरने पर कोलकाता के धर्मतल्ला में अंबेडकर मूर्ति के पास मंच बनाकर बैठी है।

### 23 साल से नौकरी कर रहा धोखेबाज शिक्षक बर्खास्त

**बलिया:** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल में 23 साल से भी अधिक समय से नौकरी कर रहे धोखेबाज शिक्षक को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्त कर दिया। उसने अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से परीक्षा देकर अपने जन्म तिथि में सात साल का हेरफेर किया है। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह की ओर से बुधवार को बताया कि जारी सेवा समाप्ति आदेश के अनुसार, रसड़ा क्षेत्र के जाम गांव निवासी ब्रजनाथ राम की नियुक्ति एक जुलाई 1999 को बेसिक शिक्षा परिषद में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी। वे पिछले कुछ वर्षों से जूनियर हाईस्कूल महाराजपुर, शिक्षा क्षेत्र रसड़ा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे।



गोरखपुर दौरे पर आये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दौरे के दूसरे दिन जनता दरबार लगाया। गोरखनाथ मंदिर में लगे जनता दरबार में 700 से अधिक फरियादियों को सुना।

## सारस को बचाने वाले को करें सम्मानित: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक बार फिर सारस को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सारस को बचाने वाले उसके दोस्त को सारस-मित्र से सम्मानित करने की बात कही है। अखिलेश ने अपने आधिकारिक ट्वीटर अकाउंट से ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि उप्र की भावना प्रधान जनता की भाजपा सरकार से अपेक्षा है कि राज्य पक्षी सारस को राजनीतिक विद्वेष की प्रताड़ना के बंधन से मुक्त करके प्राकृतिक वातावरण में भेजा जाए। सारस को बचाने वाले को सारस-मित्र के रूप में सम्मानित किया जाए।

## धामी ने नैब स्कूल में किया कन्या पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइन्ड (नैब) स्कूल में मुख्यमंत्री ने दुर्गा अष्टमी के अवसर पर उनके पैर धोकर कन्याओं का पूजन किया और उन्हें उपहार दिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बच्चों को नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि दुर्गा मां की असीम कृपा से सभी को शक्ति प्रदान हो, जीवन में उमंग रहे। यही हम माता रानी से कामना करते हैं। इस अवसर पर नैब के दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत सुनाया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का ऐसा कोई कोना नहीं छोड़ा है जहां विकास ना हुआ हो। उन्होंने कहा कि सरकार जो भी योजनाएं चला रही है, वे जनता के जरूरत के हिसाब से चलाई जा रही हैं, जिससे समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को दिव्यांग का नाम दिया है, वह प्रेरणा का काम करता है। उन्होंने कहा कि सारे दिव्यांग मुख्यधारा से जुड़ सकें, यही हमारी कामना है।









